


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 तुषार देशपांडे ने धोनी की प्रेरक बातों को किया याद ...

अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी पर घिरे बाइडन ... 11



वर्ष : 15 | अंक : 150 | नई दिल्ली, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### नौशेरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा के लाम सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना ने कहा कि घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना द्वारा 8-9 सितंबर की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लाम, नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स (16 कॉर्प्स) ने एक्स पर पोस्ट किया, दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई है। कार्रवाई प्रगति पर है।

### जम्मू-कश्मीर चुनावः भाजपा ने 10 उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की

जम्मू/ नयी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 10 उम्मीदवारों की नयी सूची जारी की जिसमें जम्मू जिले की बाहु सीट से पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता के स्थान पर पूर्व विधान परिषद सदस्य विक्रम रंधावा को उम्मीदवार बनाया गया है। गुप्ता 2014 के चुनाव में गांधीनगर से निर्वाचित हुए थे। इसका नाम बदलकर बाहु विधानसभा क्षेत्र कर दिया गया है। भाजपा ने तीसरे चरण के चुनाव के लिए छठी सूची जारी करने के साथ ही अब तक 62 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है, जिनमें कश्मीर घाटी के 20 उम्मीदवार शामिल हैं, जहां भाजपा विधानसभा चुनाव में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाई है। रंधावा 2019 और 2021 के बीच तीन बार विवादों में घिरे और उनके खिलाफ लद्दाख एवं जम्मू के अलग-अलग पुलिस थानों में दो प्राथमिकी दर्ज की गईं। उन्हें केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के निराधार आरोप लगाने के लिए उनसे बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगनी पड़ी थी। भाजपा के उम्मीदवारों की ताजा सूची के अनुसार, पूर्व विधायक आर एस पठानिया को उधमपुर पूर्व से मैदान में उतारा गया है। कठुआ से पूर्व नौकरशाह भारत भूषण, बिश्नाह से राजीव भगत और मढ़ से सुरिंदर भगत को टिकट दिया गया है। कठुआ, बिश्नाह और मढ़ तीनों सीट अनुसूचित जाति समुदाय के लिए सुरक्षित हैं।

### हरियाणा चुनावः कांग्रेस ने नौ और उम्मीदवारों के नाम घोषित किए

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसके अनुसार उचाना कलां से बृजेंद्र सिंह और गुरुग्राम से मोहित ग्रोवर को मैदान में उतारा गया है। इस सूची के साथ, कांग्रेस ने 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए कुल 41 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बृजेंद्र सिंह और ग्रोवर के अलावा कांग्रेस ने थानेसर से अशोक अरोड़ा, गन्नौर से कुलदीप शर्मा, टोहाना से परमवीर सिंह, तोशाम से अनिरुद्ध चौधरी, महम से बलराम दांगी, नांगल चौधरी से मंजू चौधरी और बादशाहपुर से वर्धन यादव को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस चुनाव के लिए शुक्रवार को 32 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को गढ़ी सांपला-किलोई, प्रदेश इकाई के प्रमुख उदयभान को होडल सीट और पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना से उम्मीदवार बनाया गया।

---

**सीएम नीतीश ने किया मोबाइल पशु चिकित्सा कॉल सेंटर का शुभारंभ**

# सूबे में अब घर पर होगा मवेशियों का इलाज

## सीएम ने 534 मोबाइल पशु चिकित्सा वाहनों को किया रवाना

प्रात : किरण

**पशुपालकों को कठिनाईयों से मिलेगी राहत**



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 01 अणे मार्ग से मोबाइल पशु चिकित्सा कॉल सेंटर के शिलापट्ट का अनावरण कर उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 534 मोबाईल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल स्क्रीन को क्लिक कर मुख्यमंत्री ने बिहार पशुपालक एप्प एवं किसान पशुपालक एप्प का लोकार्पण किया। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने इसके पूर्व मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों का मुआयना कर इनमें उपलब्ध करायी गई सुविधाओं एवं पशुपालकों को प्रदान की जानेवाली सेवाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इन सभी 534 मोबाइल पशु चिकित्सा वाहनों एवं मोबाइल पशु चिकित्सा कॉल सेंटर का उदेश्य पशुपालकों के द्वार पर पशु चिकित्सा (डोर स्टेप पशु चिकित्सा सेवा) सुविधा उपलब्ध कराना है। पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय तक लाने में होने वाली कठिनाईयों को देखते हुए राज्य के सभी 534 प्रखंडों हेतु एक-एक मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के परिचालन की व्यवस्था की गयी है। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों के परिचालन से सुदूर इलाकों से बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय तक लाने में होने वाली कठिनाईयों से पशुपालकों को राहत मिलेगी, बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय लाने में लगने वाले समय एवं व्यय की बचत होगी। इसके साथ ही अस्वस्थ पशुओं की त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा संभव हो सकेगी। पशुओं के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार लाया जा सकेगा। पशुओं में संक्रामक रोग फैलने की स्थिति में रोग की त्वरित जाँच एवं प्रभावी नियंत्रण भी किया जा सकेगा तथा पशुपालकों के बीच विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई जीपीएस सुविधा युक्त एक सुसज्जित वाहन है जिसमें पशु रोगों की पहचान, पशु चिकित्सा एवं लघु सर्जरी, ऑडियो विजुअल प्रचार के लिए आवश्यक उपकरण के साथ पशुओं की चिकित्सा के लिए आवश्यक दवा इत्यादि के साथ कृत्रिम गभार्धान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई में एक पशु चिकित्सक, एक पशु चिकित्सा सहायक एवं एक चालक-सह-परिचारी की व्यवस्था की गयी है। मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई का परिचालन प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 09.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक किया जायेगा।

**पशुपालको की सुविधा हेतु एक कॉल सेंटर की स्थापना :** पशुपालको की सुविधा हेतु एक कॉल सेंटर की स्थापना राज्य मुख्यालय स्तर पर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान पटना के परिसर में की गयी है। कॉल सेन्टर में 4 अनुभवी पशु चिकित्सकों एवं 12 कॉल सेंटर एक्जिक्यूटिव की व्यवस्था की गयी है। साथ ही, एक मोबाइल एप्प भी विकसित किया गया है। पशुपालक अपने मोबाइल पर उक्त एप्प को डाउनलोड कर पशु चिकित्सा सेवाओं हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। राज्य के पशुपालक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 09.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक की अवधि में कॉल सेन्टर के टॉल फ्री नम्बर 1962 पर दूरभाष के माध्यम से कॉल कर अथवा मोबाइल एप्प के माध्यम से कॉल सेन्टर में पशु चिकित्सा हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क के उपरान्त मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के माध्यम से पशुपालकों के द्वार पर पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। कॉल सेन्टर में टेलिमेडिसीन की भी व्यवस्था है। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई में कार्यरत पशु चिकित्सकों के द्वारा आवश्यकतानुसार ऑडियो अथवा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से कॉल सेन्टर में कार्यरत पशु चिकित्सकों से चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में 2 ग्रामों का भ्रमण किया जायेगा एवं शिविर के माध्यम से पशुओं की चिकित्सा तथा विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव सरिता चौहान, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, निदेशक पशुपालन नवदीप शुक्ला, उपायुक्त पशुपालन, भारत सरकार डॉ सुरेन्द्र पाल सहित पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

**मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर-ताजपुर पुल का किया हवाई सर्वेक्षण**

# बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन शुरू होने से आवागमन होगा सुगम : सीएम

## निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश



● बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पथ के निर्माणाधीन कार्य का किया निरीक्षण

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को निमार्णाधीन बख्तियारपुर-ताजपुर पुल का हवाई सर्वेक्षण किया। हवाई सर्वेक्षण के बाद मुख्यमंत्री पटना जिले के करनौती के पास निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पथ तथा उस पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन शुरू हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा। इससे पटना से बख्तियारपुर होकर मोकामा, बरौनी, बेगूसराय और लखीसराय जाने में काफी आसानी होगी, लोगों को समय कम लगेगा और ईंधन की भी बचत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन करजान-ताजपुर पुल के बन रहे संपर्क सड़क का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि करजान एनएच 31 तथा ताजपुर एनएच 28 के आपस में जुड़ जाने से एनएच 31 और एनएच 28 का सीधा सम्पर्क हो जाएगा और उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार के बीच एक और संपर्कता बनेगी जिससे आवागमन में सहूलियत होगी। नालंदा, मुंगेर और नवादा की ओर से आनेवाले वाहनों को उत्तर बिहार जाने के लिये पटना आने की जरूरत नहीं होगी। ऐसे वाहन उत्तर बिहार आसानी से चले जाएंगे जिससे 60 किलोमीटर दूरी कम हो जाएगी।

---

# राज्य के ग्रामीण और छोटे शहरों में तेज होगा विकास, रोजगार के अवसर बढेंगे : सम्राट

## केंद्र ने बिहार के ग्रामीण और शहरी निकायों के लिए जारी किये 1601 करोड़

**15 वें वित्त आयोग की सिफारिश पर चालू वित्तीय वर्ष की पहली किस्त मिली**

प्रात : किरण



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार केंद्र सरकार ने बिहार के ग्रामीण निकायों और शहरी निकायों के विकास के लिए 1 60153.85 लाख रुपये जारी किये। यह राशि वित्तीय वर्ष 2024 -25 में मिलने वाले केंद्रीय अनुदान की पहली किस्त है। इससे ग्रामीण और छोटे शहरों में रोजगार के अवसर बढेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि इसमें से 77503.41 लाख रुपये ग्रामीण स्थानीय निकायों यानी पंचायतों को वितरित किये जाएँगे। हर पंचायत इस पैसे को आबादी और क्षेत्रफल के अनुसार विकास कार्यों पर खर्च कर सकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पंचायतों के लिए जो राशि जारी की है, उसमें पिछले साल मिलने वाली 116.59 लाख की राशि शामिल है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि वित्त आयोग ने 10 लाख से कम आबादी वाले बिहार के छोटे शहरों के स्थानीय निकायों के विकास के लिए 33060.18 लाख रुपये जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों के विकास की गति बढाने के साथ-साथ पेयजल, वर्षा जल संचयन और कचरा प्रबंधन जैसे तीन प्रमुख मुद्दों पर समान से खर्च करने के लिए बिहार को 49590.26 लाख रुपये का बंधित अनुदान मिला है। यह राशि दूसरे मद में खर्च नहीं की जा सकेगी।

---

# दो वर्षों में पेट्रोल और डीजल वाहनों के बराबर हो जाएगी ईवी की लागत : गडकरी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन आने वाले समय में बढ़ेगा। इस कारण अगले दो वर्षों में ईवी की लागत पेट्रोल और डीजल वाहनों के बराबर आ जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से सोमवार को यह बयान दिया गया। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित किए गए इवेंट में केंद्रीय मंत्री की ओर से ऑटोमोबाइल को सड़क सुरक्षा को बढ़ाने में अधिक योगदान देने को कहा गया। गडकरी ने कहा, 10 साल पहले जब मैंने इलेक्ट्रिक वाहनों को ऑटोमोबाइल कंपनियों से बढ़ाने को कहा था, उस समय बाजार में किसी ने मेरी बात को अधिक महत्व नहीं दिया था। अब वे लोग कह रहे हैं कि मौका हाथ से निकल गया है। उन्होंने आगे कहा कि वह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किसी भी प्रकार की सब्सिडी और इंसेंटिव आदि के खिलाफ नहीं हैं, अगर वित्त मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय ईवी सब्सिडी के लिए राशि आवंटित कर देते हैं। नई इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी का उद्देश्य वैश्विक प्लेयर्स को घरेलू वैल्यू चेन में योगदान के लिए आकर्षित करना है। नई ईवी पॉलिसी के तहत कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग सुविधा लगाने के लिए कम से कम 4,150 करोड़ रुपये (500 मिलियन डॉलर) का निवेश करना होगा और तीन वर्ष में उत्पादन शुरू करना होगा। इस दौरान कंपनी को कम से कम 25 प्रतिशत डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन करना होगा। वहीं, कम से कम 50 प्रतिशत डीवीए पांच वर्ष के अंदर करना होगा। बीते महीने क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया था कि 2030 तक नई कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। वित्त वर्ष 24 में वित्त वर्ष 23 के मुकाबले 42.06 प्रतिशत नई कारें पंजीकृत हुई थी।

---

# भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव है : राहुल

प्रात : किरण



वाशिंगटन/नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव है और उन्होंने यह मानने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी आलोचना की कि भारत एक विचार है। राहुल ने लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ अपने पहले संवाद के दौरान डलास में रविवार को ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, आरएसएस मानता है कि भारत एक विचार है। हम मानते हैं कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा, अमेरिका की तरह हमारा भी मानना है कि हर किसी को भागीदारी की अनुमति दी जानी चाहिए। हम मानते हैं कि हर किसी को सपने देखने का हक होना चाहिए और जाति, भाषा, धर्म, परंपरा, इतिहास की परवाह किए बगैर हर किसी को अवसर मिलना चाहिए। राहुल ने कहा, यही लड़ाई है। चुनाव में यह लड़ाई तब चरम पर पहुंच गयी जब भारत में लाखों लोगों को साफ समझ आ गया कि भारत के प्रधानमंत्री देश के संविधान पर हमला कर रहे हैं। मैं आपसे कह रहा हूं कि (भारत) एक राज्यों का संघ है, वहां भाषाओं का सम्मान है, धर्मों का सम्मान है, परंपराओं का सम्मान है, जाति का सम्मान है। यह सब संविधान में है। कांग्रेस नेता ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी भूमिका भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता के मूल्यों को स्थापित करने की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारी राजनीतिक प्रणालियों और दलों में जिस चीज का अभाव है, वह प्रेम, सम्मान और विनम्रता है। सभी मनुष्यों से प्रेम, जरूरी नहीं कि केवल एक धर्म, एक समुदाय, एक जाति, एक राज्य या एक भाषा बोलने वाले लोगों से ही प्रेम हो।

---

# उत्तर प्रदेश शिक्षक भर्ती मामला: हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और संबंधित पक्षकारों से कहा कि वो लिखित दलीलें जमा कराए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्हें हाई कोर्ट के फैसले के अध्ययन के लिए वक्त चाहिए।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में जून 2020 और जनवरी 2022 के सेलेक्शन लिस्ट को रद्द करते हुए यूपी सरकार को आदेश दिया था कि वो 2019 में हुए सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के आधार पर 69 हजार शिक्षकों के लिए नए सलेक्शन लिस्ट तीन महीने में जारी करे। याचिका अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने दायर की है। अपने आदेश में हाई कोर्ट ने ये भी कहा था कि अगर कोई आरक्षित वर्ग का कैंडिडेट जनरल कैटेगरी के बराबर मेरिट हासिल कर लेता है तो उसका सेलेक्शन जनरल कैटगरी में ही माना चाहिए।

---

# केंद्र ने राज्यों से एमपॉक्स के संदिग्ध मामलों में स्क्रीनिंग और जांच कराने को कहा

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने सोमवार को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सलाह दी कि सामुदायिक स्तर पर एमपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों में स्क्रीनिंग और जांच कराई जाए तथा संदिग्ध एवं पुष्ट दोनों मामलों में मरीजों के लिए अस्पतालों में पृथकवास सुविधाएं चिह्नित की जाएं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने सोमवार को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे पत्र में उनसे कहा कि लोगों के बीच किसी भी तरह के अनावश्यक डर को फैलने से रोका जाए। सतर्कता बरतने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, भारत में मौजूदा प्रकोप में एमपॉक्स का एक भी नया मामला सामने नहीं आया है और संदिग्ध मामलों में एक भी नमूना पॉजिटिव नहीं आया है। चंद्रा ने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय लगातार स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा कि विशेष रूप से स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा की जाए, अस्पतालों में पृथकवास सुविधाओं की पहचान की जाए और ऐसी सुविधाओं पर आवश्यक रसद एवं प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

---

# सुखोई के इंजन के लिए एचएएल के साथ 26 हजार करोड़ का अनुबंध

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से सुखोई -30 विमानों के लिए 26,000 करोड़ रुपये की लागत से 240 ए एल -31 एफ पी एयरो इंजन की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और एच ए एल के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इन एयरो इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा और इनसे सुखोई-30 विमानों के बेड़े की संचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए वायु सेना की आवश्यकता पूरा होने की उम्मीद है।

---

**वार्ता** | **दोनों देशों के बीच समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर जोर**

# प्रधानमंत्री मोदी ने अबू धाबी के युवराज से की वार्ता

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के बीच समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, एक करीबी दोस्त का गर्मजोशी से स्वागत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की अगवानी की। उन्होंने कहा, भारत-संयुक्त अरब अमीरात द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आयाम और सहयोग के भविष्य के क्षेत्रों पर चर्चा होनी है। अगस्त 2015 में मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) और जुलाई 2023 में एक स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) प्रणाली पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में लगभग 85 अरब अमेरिकी अमरीकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भी यूएई, भारत में शीर्ष चार निवेशकों में शामिल है। यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में यूएई को बतौर विशेष आमंत्रित देश न्योता दिया गया था। भारत की अध्यक्षता के दौरान जी20 समूह के लिए विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में यूएई को आमंत्रित किया गया था। फरवरी 2023 में भारत-यूएई-फ्रांस (यूएफआई) त्रिपक्षीय रूपरेखा को औपचारिक रूप से शुरू किया गया था। भारत के सक्रिय समर्थन के साथ, यूएई मई 2023 में एससीओ में संवाद भागीदार के रूप में शामिल हुआ। यूएई भी भारत के समर्थन से एक जनवरी को ब्रिक्स में सदस्य के रूप में शामिल हुआ था। भारत-यूएई रक्षा सहयोग में भी पिछले कुछ वर्षों में एक नई गति देखी गई है।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने आंदोलनकारी डॉक्टरों को ड्यूटी पर लौटने का दिया निर्देश

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ ही आंदोलनकारी डॉक्टरों से मंगलवार शाम पांच बजे तक अपने-अपने काम पर लौटने का सोमवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नौ अगस्त को उस कॉलेज की 31 वर्षीया एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच प्रगति विवरण और अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने कथित दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ एक माह से लगातार हड़ताल, धरना, प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे कल शाम 5 बजे तक अपनी-अपनी ड्यूटी पर लौट आएं, नहीं तो राज्य सरकार उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि डॉक्टरों का विरोध उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ह्लहमने दो दिन का समय दिया है। युवा डॉक्टरों को अब अपने अपने काम पर वापस लौटना चाहिए। हम जानते हैं कि जमीनी स्तर पर क्या हो रहा है। पहले काम पर लौटें। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। आपको अब काम पर लौटना होगा। यदि आप काम पर नहीं आते हैं, तो आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराएँ। आप यह नहीं कह सकते कि वरिष्ठ डॉक्टर काम कर रहे हैं, इसलिए हम भी नहीं करेंगे। पीठ ने इस चेतावनी के साथ ही हड़ताली डॉक्टरों को यह भी आश्वासन दिया कि अगर वे 10 सितंबर की शाम 5 बजे या उससे पहले ड्यूटी पर रिपोर्ट करते हैं, तो उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

ÖSEL®

# OSEL DEVICES LIMITED

Scan this QR code to view the Ad

**Corporate Identity Number:** U72200DL2006PLC152027

Osel Devices Limited (the "Company" or the "Issuer") was incorporated on August 14, 2006 as a private limited company under the name and style of 'Innovative Infratech Soultions Private Limited', under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated August 14, 2006 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Subsequently, in order to rectify the transposition error in the name of our Company, pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on November 6, 2013, and by the Shareholders in their Extraordinary General Meeting held on November 8, 2013, the name of our Company was changed to 'Innovative Infratech Solutions Private Limited' and a fresh certificate of incorporation dated November 22, 2013 was issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Subsequently, pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on November 13, 2023, and by the Shareholders in their extraordinary general meeting held on December 15, 2023, in order to reflect the main business activity of the Company and for better branding, the name of our Company was changed to 'Osel Devices Private Limited' and a fresh certificate of incorporation dated January 16, 2024 was issued by the Registrar of Companies, Delhi and Haryana at Delhi. Further, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on March 15, 2024, and by the Shareholders in an extraordinary general meeting held on March 22, 2024 and consequently the name of our Company was changed to 'Osel Devices Limited' and a fresh certificate of incorporation dated May 2, 2024 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre. For details of change in Registered Office of our Company, please refer to the chapter titled "History and Certain Corporate Matters" on page 165 of the Red Herring Prospectus.

**Registered office:** Office No.- 712, Naurang House K.G. Marg, Connaught Place, Central Delhi, New Delhi- 110 001, Delhi, India | **Telephone:** +91 116 666 7621 | **Facsimile:** N.A.
**Corporate Office (Address where the books of accounts of our Company are maintained):** Signature Tower, 1st Floor Plot No 3, Sector Knowledge Park-III, Sector 34, Gautam Buddha Nagar, Noida – 201 307, Uttar Pradesh, India.
**Telephone:** +91 120 635 1600 | **Facsimile:** N.A. | **E-mail:** info@oseldevices.com | **Website:** www.oseldevices.com
**Contact Person:** Sandeep Kumar, Company Secretary & Compliance Officer

## OUR PROMOTERS: RAJENDRA RAVI SHANKER MISHRA AND JYOTSNA JAWAHAR

**THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE Limited (NSE EMERGE).**

## THE ISSUE

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 44,16,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 2,21,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [●] LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 41,94,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 27.38% AND 26.01% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

- **QIB PORTION:** NOT MORE THAN 49.97% OF THE NET ISSUE
- **RETAIL PORTION:** NOT LESS THAN 35.02% OF THE NET ISSUE
- **NON-INSTITUTIONAL PORTION:** NOT LESS THAN 15.01% OF THE NET ISSUE
- **MARKET MAKER PORTION:** UPTO 2,21,600 EQUITY SHARES OR 5.02% OF THE ISSUE

## PRICE BAND: ₹ 155.00 TO ₹ 160.00 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE ₹ 10/- EACH.

**THE FLOOR PRICE IS 15.5 TIMES OF THE FACE VALUE AND THE CAP PRICE IS 16.0 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES**

**BIDS CAN BE MADE FOR A MINIMUM OF 800 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 800 EQUITY SHARES THEREAFTER.**

## RISKS TO INVESTORS:

- **Our commercial success is largely dependent upon our ability to develop and design innovative products suitable for the requirements of our customers. Our inability to effectively utilize and manage our ability to develop and design innovative products would impact our business, revenue and profitability.**
- **Our Company is reliant on the demand from the healthcare industry for a significant portion of our revenue. Any downturn in the healthcare industry or an inability to increase or effectively manage our sales could have an adverse impact on our Company's business and results of operations.**
- **The commercial success of our products depends to a large extent on the success of the products of our end use customers. If the demand for the end use products in which our products are used as a raw materials declines, it could have a material adverse effect on our business, financial condition and results of operations.**
- **We depend on a few customers of our products, for a significant portion of our revenue, and any decrease in revenues or sales from any one of our key customers may adversely affect our business and results of operations.**
- **We generate our major portion of sales from our operations in certain geographical regions. Any adverse developments affecting our operations in these regions could have an adverse impact on our revenue and results of operations.**
- **The Merchant Banker associated with the Issue has handled only 7 (seven) public issues in the past three years.**

- **Average cost of acquisition of Equity Shares for the Promoters are as under:**

| NAME | WACA in ₹ per equity share |
|---|---|
| Rajendra Ravi Shanker Mishra | 1.61 |
| Jyotsna Jawahar | 1.61 |

- The Issue Price at the upper end of the Price Band is ₹ 160.00 per Equity Share.
- The Weighted average cost of acquisition compared to floor price and cap price:

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price (i.e. ₹ 155) | Cap price (i.e. ₹ 160) |
|---|---|---|---|
| WACA of Primary Issuance (except for bonus issue) (exceeding 5% of the pre issue capital) | NA* | NA* | NA* |
| WACA for secondary sale / acquisition (exceeding 5% of the pre issue capital) | NA* | NA* | NA* |

**As there were no primary issue issuance, secondary sale / acquisition in last 18 months exceeding 5% of pre issue capital from the date of the Red Herring Prospectus.*

- The Weighted average cost of acquisition of all Equity Shares transacted in the last one year, 18 months and three years from the date of RHP is as given below:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition (in ₹) | Upper end of the Price Band (₹ 160) is 'X" times the weighted Average cost of Acquisition | Range of acquisition price: Lowest Price - Highest Price (in ₹) |
|---|---|---|---|
| Last 1 year / Last 18 months | 10.00 | 16.00 | 10.00 – 10.00 |
| Last 3 years | 10.00 | 16.00 | 10.00 – 10.00 |

**PROPOSED LISTING:**

The Equity Shares offered through this Red Herring Prospectus are proposed to be listed on the Emerge Platform of the National Stock Exchange of India Limited ("NSE") in terms of the Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 as amended from time to time. Our Company has received an 'in-principle' approval letter dated September 3, 2024 from NSE for using its name in the Offer Documents for listing our shares on the Emerge Platform of NSE. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be NSE.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SEBI"):** Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the Red Herring Prospectus has been filed with SEBI. In terms of the SEBI Regulations, the SEBI shall not issue any observation on the Offer Document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire Disclaimer Clause of SEBI beginning on page 217 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF NSE EMERGE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE):** *"It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the 'Disclaimer Clause of NSE".*

**CREDIT RATING:** This being the Issue of Equity Shares, no credit rating is required.

**DEBENTURE TRUSTEES:** As this is an Issue of Equity Shares, the appointment of Debenture trustees is not required.

**IPO GRADING:** Since this Issue is made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, there is no requirement of appointing an IPO Grading Agency.

**AVAILABILITY OF RED HERRING PROSPECTUS:** Investors are advised to refer to the Red Herring Prospectus and the Risk Factors contained therein before applying in the Issue. Full copy of the Red Herring Prospectus is available on the website of Company at www.oseldevices.com or at website of the BRLM at www.horizonmanagement.in or NSE EMERGE at www.nseindia.com and is expected to be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in.

**AVAILABILITY OF BID-CUM-APPLICATION FORMS: Corporate Office:** Signature Tower, 1st Floor Plot No 3, Sector Knowledge Park-III, Sector 34, Gautam Buddha Nagar, Noida – 201 307, Uttar Pradesh, India.; **Tel:** +91 120 635 1600; Email: info@oseldevices.com ; **Facsimile:** N.A.; **Horizon Management Private Limited, Telephone:** +91 33 4600 0607; **Email ID:** smeipo@horizon.net.co, and at the selected locations of Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid-cum-application Forms will also be available on the websites of NSE and the designated branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the stock exchanges and SEBI.

**BASIS FOR ISSUE PRICE**

The Issue Price will be determined by our Company in consultation with the BRLM, on the basis of the Book Building Process and the quantitative and qualitative factors as described below. The face value of the Equity Shares is ₹10 each and the Floor Price is 15.5 times the face value at the lower end of the Price Band and 16.0 times the face value at the higher end of the Price Band. Investors should read the following summary with the section titled *"Risk Factors"*, the details about our Company under the section titled "Our Business" and its financial statements under the section titled *"Restated Financial Information"* and *"Management's Discussion and Analysis of Financial Position and Results of Operations"* beginning on page 26, 124, 193 and 234, respectively of the Red Herring Prospectus. The trading price of the Equity Shares of Our Company could decline due to these risks and the investor may lose all or part of his investment.

**Qualitative Factors**

Some of the qualitative factors which form the basis for computing the Issue Price are:

- Specialized LED display system and hearing aids manufacturer with long standing market presence
- Geographical presence
- Quality Assurance and Quality Control of our products
- Strong, cordial & long-term relationship with our clients
- Cost effective production and timely fulfilment of orders
- Well experienced management team
- Marque Customers
- Post Sale service and support

For further details, see *"Our Business –Strengths"* on page 137.

**Quantitative Factors**

Some of the information presented below relating to our Company is based on the Restated Financial Statements. For details, see "Restated Financial Statements" on page 193. Investors should evaluate our Company and form their decisions taking into consideration its earnings, and based on its growth strategy. Some of the quantitative factors which may form the basis for computing the Issue price are as follows:

Some of the quantitative factors which may form the basis for computing the Issue price are as follows:

**I. Basic and Diluted Earnings per share ("EPS")**

| Fiscal Year ended | Basic EPS (in ₹) | Diluted EPS (in ₹) | Weight |
|---|---|---|---|
| March 31, 2024 | 11.31 | 11.31 | 3 |
| March 31, 2023 | 4.04 | 4.04 | 2 |
| March 31, 2022 | 1.84 | 1.84 | 1 |
| **Weighted Average** | **7.31** | **7.31** | - |

(Continued next page...)

(Continued from previous page...)

***Notes:***

*(1) Weighted average = Aggregate of year-wise weighted EPS divided by the aggregate of weights i.e. (EPS x Weight) for each year/Total of weights*

*(2) Basic Earnings per Equity Share (₹) = Restated profit for the period/year divided by Weighted average number of equity shares outstanding during the period/year, read with note 1 above*

*(3) Diluted Earnings per Equity Share (₹) = Restated profit for the period/year divided by Weighted average number of diluted equity shares outstanding during the period/year, read with note 1 above*

*(4) Earnings per Share calculations are in accordance with the notified Accounting Standard 20 'Earnings per share'. The face value of equity shares of the Company is ₹10/-.*

*(5) The figures disclosed above are based on the Restated Financial Statements.*

**II. Price/Earning ("P/E") ratio in relation to Price Band of ₹ 155.00 to ₹ 160.00 per Equity Share:**

| | Particulars | P/E at the Floor Price (number of times)* | P/E at the Cap Price (number of times)* |
|---|---|---|---|
| a) | Based on basic EPS and Diluted of ₹ 11.31 as at March 31, 2024 | 13.70 | 14.15 |
| b) | Based on Weighted Average EPS of ₹ 7.31 | 21.21 | 21.89 |

**Industry Peer Group P/E ratio**

| Particulars | Industry P/E (number of times) |
|---|---|
| Highest | NA |
| Lowest | NA |
| Average | NA |

***Notes:***

*(1) Cannot be calculated as our company does not have any listed peer.*

**III. Return on Networth ("RoNW")**

| Fiscal Year ended | RoNW (%) | Weight |
|---|---|---|
| March 31, 2024 | 51.50% | 3 |
| March 31, 2023 | 37.92% | 2 |
| March 31, 2022 | 27.83% | 1 |
| **Weighted Average** | **43.03%** | |

***Notes:***

*(1) Weighted average = Aggregate of year-wise weighted Return on Net Worth divided by the aggregate of weights i.e. (Return on Net Worth x Weight) for each year/Total of weights.*

*(2) Return on Net Worth (%) = Restated profit for the year divided by Net worth at the end of the period/year.*

*(3) 'Net worth': Equity Share capital and other equity less capital reserves*

**IV. Net asset value per Equity Share (face value of ₹ 10/- each)**

| Particulars | NAV(1) per equity share (₹) |
|---|---|
| As on March 31, 2024 | 21.96 |
| **After the Completion of the Issue:** | |
| - At the lower end of the price band of ₹ 155.00 | 57.32 |
| - At the lower end of the price band of ₹ 160.00 | 59.52 |
| - At Issue Price(2) | [●] |

***Notes:***

*(1) Net Asset Value per Equity Share = Net worth derived from Restated Financial Statements as at the end of the period/ year divided by number of equity shares outstanding as at the end of period /year as per Restated Financial Statements.*

*(2) Issue Price per Equity Share will be determined on conclusion of the Book Building Process.*

**COMPARISON OF ACCOUNTING RATIOS WITH LISTED INDUSTRY PEERS**

There are no listed companies in India that are comparable in all aspects of business and products that we offer. Accordingly, it is not possible to provide an industry comparison in relation to our Company.

Following are the data of our company:

| Name of the company | Consolidated/ Standalone | Face value (₹ per share) ^ | Closing price on September 9, 2024 (₹ per share) | Revenue from Operations (₹ in Lakhs) | EPS (₹) | | NAV (₹ per share) | P/E Ratio | RoNW (%) | PAT margin (%) | Market cap to Revenue from operation |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Basic | Diluted | | | | | |
| OSEL Devices Limited* | Standalone | 10 | N.A. | 13,223.35 | 11.31 | 11.31 | 21.96 | NA | 51.50% | 9.87% | [●]# |
| **PEER GROUP** | | | | | | | | | | | |
| Not Applicable | | | | | | | | | | | |

**Financial information for our Company is derived from the Restated Financial Statements as at and for the Fiscal 2024.*

*#Will be updated in the Prospectus.*

*^ To be updated in the Prospectus.*

***Notes for peer group:***

1. *Return on Net Worth (%) = Profit for the year ended March 31, 2024 divided by Total Equity of the Company as on March 31, 2024.*
2. *NAV is computed as the Total Equity of the Company as on March 31, 2024 divided by the outstanding number of equity shares as on March 31, 2024.*

The trading price of the Equity Shares could decline due to the factors mentioned in the section "Risk Factors" on page 26 and any other factors that may arise in the future and you may lose all or part of your investments.

**KEY FINANCIAL AND OPERATIONAL PERFORMANCE INDICATORS ("KPIs")**

Key Performance Indicators (KPIs) are imperative to the Financial and Operational performance evaluation of the company. However, KPIs disclosed below shall not be considered in isolation or as substitute to the Restated Financial information. In the opinion of our Management the KPIs disclosed below shall be supplementary tool to the investor for evaluation of the company.

The KPIs disclosed below have been approved by a resolution of our Audit Committee dated September 7, 2024 and the members of the Audit Committee have verified the details of all KPIs pertaining to the Company. Further, the members of the Audit Committee have confirmed that there are no KPIs pertaining to our Company that have been disclosed to any investors at any point of time during the three years period prior to the date of filing of the Draft Red Herring Prospectus. Further, the KPIs herein have been certified by M/s Kumar Samantaray & Associates, Chartered Accountants, by their certificate dated September 7, 2024.

The KPIs of our Company have been disclosed in the sections *"Our Business"* and *"Management's Discussion and Analysis of Financial Condition and Results of Operations"* starting on pages 124 and 234, respectively. We have described and defined the KPIs, as applicable, in *"Definitions and Abbreviations"* beginning on page 6.

Our Company confirms that it shall continue to disclose all the KPIs included in this section on a periodic basis, at least once in a year (or any lesser period as determined by the Board of our Company), for a duration of one year after the date of listing of the Equity Shares on the Stock Exchange or till the complete utilization of the proceeds of the Fresh Issue as per the disclosure made in the Objects of the Offer Section, whichever is later or for such other duration as may be required under the SEBI (ICDR) Regulations, 2018.

Set forth below are KPIs which have been used historically by our Company to understand and analyse the business performance, which in result, help us in analyzing the growth of various verticals of the Company that have a bearing for arriving at the Basis for the Issue Price.

**Some of the key performance indicators which may form the basis for computing the Issue Price are as follows:**

*(₹ in lakhs except percentages and ratios)*

| Key Performance Indicators | March 31, 2024# | March 31, 2023# | March 31, 2022# |
|---|---|---|---|
| Revenue from Operations | 13,223.35 | 8,188.68 | 6,524.53 |
| EBITDA (1) | 2,288.29 | 868.37 | 464.73 |
| EBITDA Margin (2) | 17.30% | 10.60% | 7.12% |
| Profit After Tax for the Year / Period (3) | 1,305.21 | 466.00 | 212.31 |
| PAT Margin (4) | 9.87% | 5.69% | 3.25% |
| ROE (5)* | 34.68% | 23.39% | 33.60% |
| ROCE (6) * | 43.17% | 26.91% | 25.13% |
| Net Debt/ EBITDA (7) | 0.90 | 1.93 | 0.71 |

*#As certified by the Statutory Auditor vide their certificate dated September 7, 2024*

KPIs disclosed above has been approved by the Audit Committee of the Company in their meeting held on dated September 7, 2024.

***Explanation for the Key Performance Indicators***

1. *EBITDA is calculated as restated profit before tax plus finance costs, depreciation and amortisation expense less other income*
2. *EBIDTA Margin is calculated as EBITDA divided by Revenue from Operations*
3. *Profit after tax for the year means the profit for the year as appearing in the Restated Financial Information*
4. *PAT Margin is calculated as restated profit for the year divided by Revenue from Operations.*
5. *Return on Equity (%) is calculated as restated profit for the year divided by average total equity*
6. *Return on Capital Employed (%) is calculated as EBIT divided by Capital Employed*
7. *Net Debt/EBIDTA, Net debt is Total Borrowings less Cash and bank balances.*

We shall continue to disclose these KPIs, on a half-yearly basis, for a duration that is at least the later of (i) three years after the listing date; and (ii) the utilization of the issue proceeds disclosed in the objects of the issue section of the Prospectus. We confirm that the ongoing KPIs would be certified by the statutory auditor of the Issuer Company.

**Explanation for KPI metrics**

| KPI | Explanations |
|---|---|
| Revenue from Operations (₹ in Lakhs) | Revenue from Operations is used by our management to track the revenue profile of the business and in turn helps assess the overall financial performance of our Company and size of our business. |
| EBITDA (₹ in Lakhs) | EBITDA provides information regarding the operational efficiency of the business. |
| EBITDA Margin (%) | EBITDA Margin is an indicator of the operational profitability and financial performance of our business. |
| Profit After Tax (₹ in Lakhs) | Profit after tax provides information regarding the overall profitability of the business. |
| PAT Margin (%) | PAT Margin is an indicator of the overall profitability and financial performance of our business. |
| RoE (%) | RoE provides how efficiently our Company generates profits from average shareholders' funds. |
| RoCE (%) | ROCE provides how efficiently our Company generates earnings from the average capital employed in the business. |
| Net Debt/ EBITDA (In Times) | Net Debt by EBITDA is indicator of the efficiency with which our Company is able to leverage its debt service obligation to EBITDA. |

**Comparison of the Key Performance Indicators with our listed peers:**

There are no listed companies in India that are comparable in all aspects of business and products that we offer. Accordingly, it is not possible to provide Key Performance Indicators of listed peers in relation to our Company.

**OPERATIONAL KPIs OF THE COMPANY:**

| Particulars | Fiscal 2024 | | Fiscal 2023 | | Fiscal 2022 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Amount | % | Amount | % | Amount | % |
| Top 10 customers | 12,001.25 | 90.76% | 7,687.99 | 93.89% | 6,391.50 | 97.96% |
| Top 5 customers | 10,752.49 | 81.31% | 6,447.18 | 78.73% | 5,743.48 | 88.03% |

**Explanation for KPI metrics:**

| KPI | Explanations |
|---|---|
| Contribution to revenue from operations of top 5 / 10 customers | This metric enables us to track the contribution of our key customers to our revenue and also assess any concentration risks. |

**COMPARISON OF OPERATIONAL KPIs OF OUR COMPANY AND OUR LISTED PEER:**

There are no listed companies in India that are comparable in all aspects of business and products that we offer. Accordingly, it is not possible to provide Operational Key Performance Indicators of listed peers in relation to our Company.

**WEIGHTED AVERAGE COST OF ACQUISITION:**

**a) The price per share of our Company based on the primary/ new issue of shares (equity / convertible securities)..**

There have been no issuance of Equity Shares, excluding shares issued as bonus shares, during the 18 months preceding the date of this Red Herring Prospectus, where such issuance is equal to or more than 5% of the fully diluted paid-up share capital of the Company (calculated based on the pre-issue capital before such transaction(s)), in a single transaction or multiple transactions combined together over a span of 30 days.

**b) The price per share of our Company based on the secondary sale / acquisition of shares (equity / convertible securities).**

कुछ चीजें जाने-अनजाने गले पड़ जातीं हैं तो पीछा नहीं छोड़तीं, ठीक उसी तरह जिस तरह की कुछ भूत मरने-मारने के बावजूद सर से नहीं उतरते। उन्हें उतरने के लिए लम्बी प्रतीक्षा करना पड़ती है। अनचाही चीजों से पिंड छुड़ाने के लिए भी लम्बी मशक्क्त करना पड़ती है। इस समय भाजपा के सिर पर दस साल से कांग्रेस का भूत और गले में धारा 370 हड्डी की तरह फंसी हुई है। तीसरी बार देश की सत्ता में आई भाजपा के साथ पहली बार मेरी सहानुभूति उमड़ रही है। आखिर भाजपा ने सत्ता में आने के लिए, एक नया युग (मोदी युग) शुरू करने के लिए बहुत पापड बेले तब कहीं जाकर 34 साल बाद सत्ता में आयी थी। दुर्भाग्य ये है कि भाजपा लगातार पापड़ बेल रही है, लेकिन खुद खा नहीं पा रही। जिस धारा 370 को हटाने में भाजपा को एक लम्बी यात्रा करना पड़ी। वो ही धारा 370 अब फिर से जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनावों के आते ही एक बार फिर गले पड़ गयी है। कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष कह रहा है कि यदि राज्य मुं भाजपा सत्ता में न आयी तो जम्मू-कश्मीर को धारा 370 फिर से लौटा दी जाएगी। आपको याद होगा कि चार महीने पहले ही सम्पन्न आम चुनावों में भाजपा ने अपने लिए 370 और अपने गठबंधन के लिए 400 पार का लक्ष्य रखा था, किन्तु देश की जनता ने भाजपा को दोनों ही लक्ष्य पूरे नहीं करने दिए। भाजपा 240 पर ही अटक गयी। भाजपा ने जैसे-तैसे इस दर्द को, इस आंकड़े को भुलाने की कोशिश की थी किन्तु जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव घोषित होते ही समूचे विपक्ष ने एक बार फिर धारा 370 की वापसी का राग अलापकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं है। मुश्किलें कम करने और मुश्किलें बढ़ाने में बड़ा अंतर है। भाजपा को लगा कि धारा 370 हटाने के बाद सीमा पर कर किसी खाई में गिरकर मर गयी होगी, लेकिन ऐसानहीं हुआ। वो तो जहाँ थी, वहीं आज भी है, केवल उसे जम्मू-कश्मीर से हटा दिया गया था। गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी से सवाल करते हुए पूछा कि यह दर्जा कौन वापस दे सकता है? यह दर्जा तो सिर्फ भारत सरकार दे सकती है, प्रधानमंत्री दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं बाबा मन्हास के मंदिर की कसम खाकर कहता हूं कि हम आपको 370 वापस नहीं लाने देंगे। आपको दलित और गुज्जर बकरवाल भाइयों के रिजर्वेशन को समाप्त नहीं करने देंगे। अपने पुराने सियासी कश्मीरी दोस्तों को इंगित कर अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार ने जम्मू कश्मीर को लूटा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला को मत जिताना नहीं तो जम्मू कश्मीर का विकास रुक जाएगा। जम्मू कश्मीर के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक ध्वज, एक संविधान के तहत पहला चुनाव हो रहा है। कांग्रेस तो छोड़िये अब जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम रहे उमर अब्दुल्ला ने गृह मंत्री अमित शाह को सीधा चैलेंज देते हुए आर्टिकल 370 को वापस लाने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि हम चुनाव जीते तो अनुच्छेद 370 को दोबारा लागू करेंगे। इसके लिए वक्त लगेगा, लेकिन यह होकर रहेगा। 370 हटने के बाद जब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव पहली बार होने जा रहे हैं तब इसकी गूंज और जोर से सुनाई पड़ रही है। हमें पता हैं कि धारा 370 को हटाना न आसान था और अब तो दोबारा लागू करना और भी मुश्किल है। इसीलिए मई मुश्किल शब्द का इस्तेमाल कर रहा हूँ, असम्भव का नहीं। आपको याद होगा कि तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 5 अगस्त 2019 को सीओ 272 जारी किया था। राष्ट्रपति का यह वह आदेश था जिसके जरिए संविधान के अनुच्छेद 367 को संशोधित किया गया। इसमें कहा गया कि अनुच्छेद 370 (3) में उल्लेखित संविधान सभा की जगह इसे विधानसभा कहा जाएगा। इससे ही 370 हटाने का रास्ता साफ हुआ। लेकिन भाजपा ने धारा 370 को संविधान से विलोपित शायद नहीं किया है, और अब शायद ऐसा करने का समय भी नहीं है और कूबत भी नहीं है। इसलिए इस धारा को लेकर जम्मू -कश्मीर का अवाम देश की मुख्यधारा में वापस आएगा या नहीं, इसमें संदेह है। हम धाराओं के साथ बहने वाले लोग नहीं है। हमें धारा के विपरीत अपना रास्ता तय करने की आदत है, लेकिन हमें फिक्र भाजपा की है, उसके तनाव की है और उसकी चुनौतियों की है, क्योंकि पार्टी का नेतृत्व बूढ़ा हो चुका है।

# मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

**ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मलेशिया, कनाडा, अंगोला, कीनिया, कांगो, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देश इस दौड़ में शामिल हैं। विकसित देश जहां अपनी जीडीपी का 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक लोककल्याण योजनाओं में खर्च करते हैं, तो विकासशील देश जीडीपी का 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक फ्रीबीज के नाम पर खर्च कर देते हैं। भारत में अब जब न्यायालय की चौखट पर यह मुद्दा विचाराधीन है, तो संभावना है कि सरकार पर अनावश्यक आर्थिक भार डालने वाली घोषणाओं पर नियंत्रण को लेकर कोई राह भारत ही दुनिया को दिखाए।**






**ललित गर्ग**
लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है

दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर ह्यरेवड़ी कल्चरह्न पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है। कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा। हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे। गरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया हैह्न भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वायदों की बरसात करते हैं, यह शासन-व्यवस्थाओं को गहन अंधेरों में धकेल देता है। मुफ्त की संस्कृति को कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जाती रही है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है। सच भी है कि मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग आज भी इस स्थिति में है कि कथित तौर पर मुफ्त या सस्ती चीजें उसके वोट के फैसले को प्रभावित करती हैं। मुफ्त ह्यरेवड़ीह्न व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं। फ्रीबीजह्न या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं। मुफ्त उपहार के मामले में कोई भी देश पीछे नहीं है।

# आधुनिक हिंदी पत्रकारिता के दधीचि रवि जी



**ब्रह्मानन्द ठाकुर**
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार

रवीन्द्र नाथ ठाकुर ह्यरवि ह्य यही नाम था उनका। जब तक जीवित रहे , गांव से लेकर शहर तक अपने चाहने वालों , इष्ट मित्रों एवं प्रशंसको में ह्य रवि जी नाम से ही जाने जाते रहे। वे मुजफ्फरपुर जिले के पियर गांव के निवासी थे।सन् साठ के दशक में हिंदी से स्नातकोत्तर करने वाले रवि जी अपने शिक्षकों के बड़े ही प्रिय छात्र थे। तब के समय में सरकारी नौकरी पाना आज की तरह मुश्किल नहीं था। लेकिन उसके लिए तब भी पैरवी और पैसे की जरूरत होती थी। रवि जी ने इस सम्बंध में अपनी कविता ह्यएक कविता : बत्तीस संदर्भ में लिखा है,

कालेज के लिए अप्लाई किया ---
इंटरव्यू दिया --
मेरी कविता पर जमकर
प्रश्न चला
डटकर जवाब दिया --
पर मेरा नाम नहीं भेजा गया,
वह पद शिक्षामंत्री के
कैन्डडेट को मिला,
यह बाद में मालूम हुआ।

जाहिर है, यह एक कविता :बत्तीस संदर्भ उनके 32 साल के जीवन के 32 सोपान हैं।इसमें उनके युवा -जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव के साथ आर्थिक विषमता जनित सामाजिक, राजनीतिक विकृतियों के अनुभव भी हैं।यह अनुभव सिर्फ उनका नहीं ,उन जैसे आत्मसम्मान और स्वाभिमान



की जिंदगी जीने की चाहत रखने वाले देश के हर युवा का है। उनके अनेक साथियों ने विभिन्न विभागों में अच्छी नौकरी ज्वाइन कर ली और आज पेंशन से अच्छी तरह जीवन यापन कर रहे हैं। रवि जी ने भी तब अनिच्छा से एक नव स्थापित गैर सरकारी कालेज में हिंदी प्राध्यापक के रूप में कुछ महीने के लिए योगदान किया। उस दौरान अपने अनुभवों को उन्होंने बड़े बेबाकी के साथ अपनी काव्य पुस्तक एक कविता बत्तीस संदर्भ में व्यक्त किया है। वे लिखते हैं ----

कालेज में पढ़ाने गया / सूर ,तुलसी पढ़ा न सका/निर्गुण ,सगुण और शास्त्र - पुरान की कथा गलत लगी /छात्रों को गलत बता न सका / शिक्षा पद्धति को अनुत्पादक बताकर /रिभोल्ट करा न सका/वापस लौट आया। रवि जी की कालेज से वापसी और पत्रकारिता में प्रवेश सत्तर के दशक में हुई। अपने जीवन के उत्तरार्द्ध , लगभग 47-48 सालों तक वे पत्रकारिता से जुड़े रहे। पटना से प्रकाशित अनेक साप्ताहिक ,अर्ध साप्ताहिक पत्रों का सम्पादन किया। कालान्तर मे उनके साथ पत्रकारिता करते हुए कई

युवा पत्रकारों ने दैनिक अखबारों में सम्पादक पद को भी सुशोभित किया। अपने सिद्धांतों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करने वाले रवि जी कभी भी अपना दर्द किसी से साझा नहीं किया। तब रेडियो स्टेशन से अक्सर उनको काव्यपाठ के लिए बुलाया जाता था।मुझे याद है। वह इमर्जेंसी का जमाना था। एक दिन रेडियो पर सर्व भाषा कवि गोष्ठी आयोजित थी। इस कार्यक्रम में वे काव्य पाठ के लिए आमंत्रित थे।सेंसर बोर्ड के अधिकारियों ने उनकी कविता को पास कर दिया था।कविता बज्जिका भाषा में थी।वे सुना रहे थे , चद्दर तनले की सूतल छी /जागूं ,काम पर भागू अबेर होइय। उनकी यह कविता इमर्जेंसी के खिलाफ एक तरह से कहें तो जनता में जागरण का संदेश देती है।

कवि ने इस कविता के माध्यम से इमर्जेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ जनता को जागृत कर दिया।सेंसर बोर्ड के अधिकारी गच्चा खा चुके थे। बाहर से बिल्कुल सरल और शांत , अंदर से अन्याय , अत्याचार और शोषण , भ्रष्टाचार के खिलाफ उबलते हुए रवि जी को समझना हो तो उनकी कविता की इन पंक्तियों से समझा जा सकता है।

पैसा कहां है ?/कुछ लोगों की बंद तिजोरी में है/बैंक में है/ मेरी जेब में न था,/न है/----------------।

ह्यलडे बिना कुछ नहीं होगा--/न सम्पत्ति का स्वामित्व मिटेगा ,/न उसकी सीमा बंधेगी,/न भूमि मिलेगी /न रोजी मिलेगी/ लोकतंत्री सरकार में/संसदीय प्रणाली से ह्न

रवि जी ने कभी भी किसी की चरण वंदना कर अपना स्वार्थ सिद्ध करने की कोशिश नहीं की।जीवन पर्यंत समाज में उच्च सांस्कृतिक मानदंड स्थापित करने के लिए संघर्षरत रहे।इसका उदाहरण उनकी एक कविता की इन पंक्तियों में देखा जा सकता है --

जब मिलता है आशीष यहां ,चरणों पर शीष झुकाने से,
मैं सिर सदा उठा ,चलने वाली, संस्कृति ही सोचूं ,सिरजूंगा।ह्नवे आजीवन इसी संस्कृति और मूल्यबोध के लिए समर्पित रहे।

ऐसी संस्कृति और जीवन मूल्य की स्थापना के लिए जो व्यक्ति जीवन पर्यंत तिल -तिल कर जलता रहा ,वह दधीचि नहीं तो और क्या हो सकता है ?

## श्रीगणेशजी को अडहुल के पुष्प अर्पण करें

श्रीमती प्राची जुवेकर



देवताओं को पुष्प अर्पित करने का मुख्य उद्देश्य : देवताओं से प्रक्षेपित स्पंदन मुख्यतः निर्गुण तत्त्व से संबंधित होते हैं ।देवताओं को अर्पित पुष्प तत्त्व ग्रहण कर पूजक को प्रदान करते हैं, जिससे पुष्प में आकर्षित स्पंदन भी पूजक को मिलते हैं । पुष्प भी मनुष्य की भांति सत्त्व, रज एवं तम प्रवृत्ति के होना जिस प्रकार मनुष्य सत्त्व, रज एवं तम प्रवृत्ति के होते हैं, उसी प्रकार अन्य सजीव घटकों के (प्राणी एवं वनस्पतियों के) संदर्भ में भी होता है । देवतापूजन हेतु विहित पुष्प सत्त्वप्रधान होते हैं ।सजावट हेतु प्रयुक्त भारतीय पुष्प रजोगुणी होते हैं, जबकि सजावट हेतु प्रयुक्त विदेशी पुष्प तमोगुणी होते हैं । कौनसा पुष्प किस देवता का तत्त्व आकर्षित करता है ? कौनसा पुष्प किस देवता का तत्त्व आकर्षित करता है यह शास्त्रोंद्वारा निर्धारित है, उदा. अडहुल झ गणेशतत्त्व, मदारके पत्र एवं पुष्प झ हनुमानतत्त्व आदि । श्री गणेशपूजन में प्रयुक्त विशेष वस्तुएं लाल रंग की वस्तुएं श्री गणपति का वर्ण लाल है; उनकी पूजा में लाल वस्त्र, लाल फूल एवं रक्तचंदन का प्रयोग किया जाता है ।इस लाल रंग के कारण वातावरणसे गणपति के पवित्रक मूर्ति में अधिक मात्रा में आकर्षित होते हैं एवं मूर्ति के जागृतिकरण में सहायता मिलती है । चूंकि यह समझना कठिन है, इसलिए ह्यगणपतिको लाल वस्त्र, लाल फूल एवं रक्तचंदन प्रिय हैं, ऐसा कहकर यह विषय प्रायः समाप्त कर दिया जाता है । अडहुल के पुष्प में विद्यमान रंगकणों एवं गंधकणों के कारण ब्रह्मांडमंडल के गणेशतत्त्व के पवित्रक उसकी ओर आकर्षित होते हैं ।लाल अडहुल एवं अन्य रंग के अडहुल में भेद अ. लाल रंग के अडहुल के पुष्प में विद्यमान रंग एवं गंधकणों के कारण ब्रह्मांडमंडल में विद्यमान गणेशतत्त्व आकर्षित करने की क्षमता अधिक होती है, अन्य रंगों के अडहुल के पुष्पों की ओर ब्रह्मांडमंडल से गणेशतत्त्व आकर्षित करने की मात्रा अल्प होती है । आ. कलम (ग्राफ्टिंग) किए अडहुल के विविध रंगों के पुष्पों में अल्प मात्रा में मायावी स्पंदन आकर्षित होते हैं ।पुष्प का कार्य . अडहुल के पुष्प के डंठल में गणेशतत्त्व आकर्षित होता है ।पुष्प की पंखुडियों के मध्यभाग में वह सक्रिय होता है तथा पंखुडियों के माध्यमसे वातावरण में प्रक्षेपित होता है । आ. पुंकेसर पंखुडियों के बाहर रहनेवाले (पंखुडियों से बडे) अडहुल के पुष्प में ब्रह्मांड से आकर्षित देवता के निर्गुण तत्त्व का सगुण में रूपांतरण होकर वह पुष्प में संजोया रहता है और निरंतर प्रक्षेपित होता रहता है । शमी की पत्तियां ामी में अग्नि का वास है । अपने शस्त्रों को तेजस्वी रखने हेतु पांडवों ने उन्हें शमी के वृक्ष की कोटर में रखा था ।जिस लकडी के मंथनद्वारा अग्नि उत्पन्न करते हैं, वह मंथा शमी वृक्ष का होता है । मदार की पत्तियां ई एवं मदार में अंतर है ।रुई के फल रंगीन होते हैं तथा मदार के फल श्वेत होते हैं ।जैसे औषधियों में पारा रसायन है, वैसे मदार वानस्पत्य रसायन है ।

# विस्फोटक के ऊपर बैठी दुनिया के चारों ओर आंतकी जमातें

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश-दुनिया में कट्टरपंथियों की जमातें ईश निंदा के आरोप लगाकर निरंतर हमलों को अंजाम दे रही है। शरिया कानून मानने वाले राष्ट्रों के अलावा अन्य गणतंत्र देशों में भी भीड की शक्ल में जमा होकर असामाजिक तत्वों के समूह न केवल मनमाने आरोपों का हल्ला मचाकर लोगों की जान ले रहा है बल्कि खास सम्प्रदाय में उन्माद फैलाकर काफिरों को नस्तनाबूत करने के लिए उकसाता भी है। साइबर युग में संचार साधनों का उपयोग करके आतंक को पनाह देने वाले देश फर्जी पोस्ट डालकर मजहब की दुहाई दे रहे हैं ताकि अमन, चैन और खुशहाली को दफन किया जा सके। राजस्थान के उदयपुर का मामला हो या फिर बंगलादेश के उत्सव मण्डल की जिन्दगी का सवाल। अमेरिका में कट्टरपंथियों की भीड का हिंसक होना हो या फिर ब्रिटेन में कानून तोडने की घटनायें। लाल सागर में समुद्री लुटेरों का लहू डूबा करतब हो या फिर इजराइल में इस्लामी हमला। समूची दुनिया में आतंक की इबारत तले जबरन गुलाम बनाने की सियासत चल रही है। असामाजिक तत्वों की जमातों व्दारा मजहब के नाम पर दुनिया भर में नफरत की आंधियां चलाई जा रहीं हैं। फिलिस्तीन में वहां के लोग मासूम जान की कीमत पर भी हमास को सुरक्षित कर रहे हैं। इजराइल से अपहरित करके लाये गये वहां के नागरिकों में से अधिकांश के शव बरामद हो चुके हैं। बाकी के जिन्दा होने के कोई भी सबूत न मिलने के बाद भी उम्मीद की रोशनी में ब्लैकमेलिंग चल रही है। ऐसा ही हाल बंगलादेश में हिन्दू आबादी के साथ हो रहा है। समूची दुनिया में सिरफिरे अपराधियों ने भीड की शक्ल अख्तियार कर ली है जो लोगों पर अपने पैगम्बर साहब पर टिप्पणी करने, ईश निन्दा करने, कुरान का अपमान करने, इस्लाम की खिलाफियत करने जैसे मनगढन्त आरोप लगाकर सरेआम कत्लेआम मचा रही है। बंगलादेश की सरकार के नुमाइन्दे तो ऐसे लोगों की खुलकर तरफदारी करने, उन्हें पूरे जोरशोर से बचाने तथा जुल्म की घटनाओं को बढावा देने का काम कर रहे हैं।

दूसरी ओर पडोसी की तर्ज पर ही देश के अन्दर मनमानी करने वाले वक्फ बोर्ड ने देश की राजधानी में ही 246 सरकारी सम्पत्तियों पर दावा ठोक दिया है। इस पर तीन मंत्रालयों के अधिकारियों व्दारा संयुक्त समिति के समक्ष वस्तुस्थिति स्पष्ट की तो विपक्षी सदस्यों ने स्पष्टीकरण देने वालों पर ही मनमाने प्रश्नों की बौछार कर दी। इतिहास गवाह है कि ब्रिटिश शासनकाल के दौरान 1911-12 में दिल्ली की नई राजधानी बनाने हेतु भूमि अधिग्रहीत की गई थी जिसे स्वाधीनता के बाद दिल्ली वक्फ बोर्ड ने अधिग्रहीत सम्पत्तियों में से कई को वक्फ सम्मत्ति घोषित कर दी थी। वर्तमान में 108 सम्पत्तियां भूमि एवं विकास कार्यालय तथा 138 सम्पत्तियां दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास होने के बाद भी उन पर वक्फ बोर्ड अपना स्वामित्व निरूपित किये है। मालूम हो कि राष्ट्रीय राजधानी के निर्माण हेतु कुल 341 वर्ग किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उससे प्रभावित लोगों को उचित मुआवजे का भुगतान भी किया जा चुका था परन्तु वक्फ बोर्ड अपने असीमित अधिकारों का उपयोग करके निरंतर मनमानियां कर रहा है। कट्टरपंथियों व्दारा फैलाये जाने वाला आतंक जहां देश में अराजकता का वातावरण निर्मित कर रहा है वहीं दुनिया भर में हिजबुल्लाह, हूती, हमास, अलकायदा, आईएसआईएस जैसे संगठन तो निरंतर खूनी होली खेल रहे हैं। तिस पर हथियारों के सौदागरों ने पत्ते पर कुलाट खाने की अपनी आदत में इजाफा करके अब हवा में ही कुलाट खाना शुरू कर दिया है। दो देशों को आपस में लडाना, असुरक्षा का वातावरण निर्मित करना, वैमनुष्यता फैलाना तथा पर्दे के पीछे से विष पौध रोपित जैसे कृत्यों में लिप्त स्वार्थी देशों को केवल और केवल चिन्ता है ।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी शराब सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार

बगहा। बगहा पुलिस जिला स्थित नौरंगिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए छापेमारी में देसी शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।वहीं एक मद्यनिषेध कांड में फरार चल रहे अभियुक्त को भी गुप्त सूचना पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि बेलहवा वार्ड नं 01 के निवासी बच्चन चौधरी को उसके घर पर छापेमारी के दौरान 10 लीटर चुलाई शराब 100 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।बरामद शराब को उसी स्थान पर विनष्ट कर दिया गया है।वहीं मधनिषेध कांड 58/24 में फरार चल रहे अभियुक्त बेलहवा निवासी पूषा चौधरी को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने आगे बताया कि एसआई रणजीत सिंह के नेतृत्व में एएसआई धर्मेन्द्र कुमार,पीएसआई प्रिया कुमारी एवम अन्य कर्मियों की पुलिस टीम ने कार्यवाई को अंजाम दिया है।

### ट्रैप कैमरा लगाने का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगा

बगहा। वाल्मीकिनगर वन सभागार में वनप्रमण्डल 2 के वनकर्मियों को एक्सपर्ट द्वारा एक दिवसीय ट्रैप कैमरा लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि जंगल की सुरक्षा व जंगल के वन जीवों की सुरक्षा के लिए ट्रैप कैमरा लगाने का वनकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ट्रैप कैमरा से बाघों के मूवमेंट और जंगल मे हो रहे गतिविधियों की जानकारी मिल जाती है,इसलिए जरूरी होने पर उक्त स्थल पर कैमरा लगा दिए जाते हैं। कैमरा कहां,कैसे और किस एंगल पर लगाना है यह सब एक्सपर्टों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया गया है।वन कर्मियों को एक्सपर्ट प्रशिक्षु आईएफएस स्तालिना फिडेल,बायोलॉजिकल सौरभ वर्मा,डब्लूडब्लूएफ के पर्सनश मर्द्रम ने एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

### मत्स्य पालक ने रेंजर से लगाई गुहार

बगहा। चंपापुर गोनौली निवासी मत्स्य पालक नंदकिशोर सहनी ने वनप्रमण्डल 2 के रेंजर राजकुमार पासवान से गुहार लगाई है।दरअसल मत्स्य कारोबारी सहनी के चंपापुर स्थित पोखर में मगरमच्छों ने डेरा जमा लिया है।जो तालाब के मछलियों को खाकर भारी नुकसान पहुंचा रहा है। साहनी ने बताया कि धोबहा से सटे त्रिहुत नहर के समीप पोखर में नहर से होते हुए 4 से 5 की संख्या में मगरमच्छ आ घुसा है जो पोखर में पाले जा रहे मछलियों को खा रहा है।रेंजर से हमने अनुरोध किया है कि अपने कर्मियों से पोखर में डेरा जमाए हुए मगरमच्छों का रेस्क्यू करे,ताकि मछली के कारोबार में घाटा नहीं उठाना पड़े। बतादें की नहर के किनारे पोखर में ये मगरमच्छ रेंगते हुए पहुंच जा रहे है।जो बड़े बड़े मछलियों का शिकार कर रहे हैं।जिससे कारोबारी को धंधे में घाटा उठाना पड़ रहा है।

### फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

बगहा। बगहा पुलिस जिला स्थित नौरंगिया थाना पुलिस ने बगहा न्यायालय के 2 डंडा तारिक शमीम टीआर न.232/24 आईएफ 90/05 के आलोक में 54 वर्षीय रामायण चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया की गिरफ्तार हुए अभियुक्त की तलाश की जा रही थी इसी दौरान गुप्त सूचना मिली।एसआई राणा रणजीत सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ फरार चल रहे अभियुक्त रामायण चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### वाहन जांच के दौरान पुलिस पब्लिक में हाथापाई

बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग एनएच 727 स्थित एसएसबी कैम्प के समीप वाहन जांच के दौरान पुलिस पुब्लिक के बीच झड़प हो गई।सूत्रों की माने तो पुलिस पुब्लिक के बीच हाथापाई और धक्का मुक्की भी हुई है। घटना की सूचना पर कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग का सहारा भी लिया है। बतादें की बगहा प्रखंड 2 के नयागांव रामपुर के मुखिया पति शेषनाथ बिन पर सरकारी कार्य मे बाधा डालने का आरोप लगाते हुए उन्हें हिरासत ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि वाहन जांच के दौरान मुखिया पति पुत्र से पुलिस की कहा सुनी हो गई जिसके बाद मुखिया पति शेषनाथ बिन और उसके समर्थक घटनास्थल पर पहुंच गए और पुलिस के साथ उलझ गए। घटना की सूचना पर कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराने में जूट गई हैं। घटना के कारण कई घंटों तक सड़क पर यातायात बाधित रही।समाचार लिखे जाने तक मामला नियंत्रण में बताई जा रही है।

# जीविका को सशक्त बनाने के लिए रुडी ने दिये सांसद निधि से 120 कंप्यूटर

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय।ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को सशक्त सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने वाली जीविका समुह के लिए स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने अपनी सांसद निधि से 120 कम्प्यूटर प्रदान किए। इसमें से अकेले सिद्धि जीविका महिला संकुल संघ, नयागाँव और मढ़ौरा के किसान जीविका महिला संकुल संघ को सांसद निधि से 35-35 कंप्यूटर प्रदान किये गये है। इसके अतिरिक्त जीविका के अमनौर, छपरा, गरखा, दरियापुर, दिघवारा, मकेर, मढ़ौरा, नगरा, परसा, रिविलगंज और सोनपुर प्रखंड स्तर के संकुल स्तरीय संघ, सामुदायिक पुस्ताकालय सह कैरियर विकास केंद्र को भी कंप्यूटर प्रदान किये गये है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यक्रम में लाखों जीविका की लाखों महिलाओं ने हिस्सा लिया था। उस समय सांसद ने जीविका को कंप्यूटर देने की बात कही थी। अब सांसद रुडी ने अपने सांसद कोष से 1 करोड़ 12 लाख 45 हजार के 120 कंप्यूटर प्रदान किये है। इस संदर्भ में सांसद ने बताया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं भी चलायी जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आधी आबादी को लेकर सरकार समर्पित है। इसी कड़ी में जीविका को सांसद निधि से प्रदान किये गये कंप्यूटर भी है। जीविका की कार्य क्षमता कंप्यूटर मिलने से और सुहृढ़ और पारदर्शी होगी। जीविका की महिलाओं को तकनिकी ज्ञान मिले इसके लिए कम्प्यूटर प्रदान किए है। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर शिक्षा आज की महती आवश्यकता है, आज हर काम कम्प्यूटर के बीना संभव नहीं है ऐसे में कम्प्यूटर के माध्यम से जीविका समुह की महिलाएं अपना भविष्य बेहतर तरीके से संवार सकती है।

सांसद श्री रुडी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में जीविका आज देश में एक उदाहरण बनी हुई है। इनको डिजिटल और सशक्त बनाने की दिशा में मेरा यह छोटा सा प्रयास है। कार्यालय में कंप्यूटर सेट आने के बाद कार्य निष्पादन में पारदर्शिता के साथ तेजी आएगी। सभी प्रखंडो के जीविका संकुल स्तरीय संघ कार्यालय में कंप्यूटर सेट प्राप्त होने से सीधे फायदा जीविका के द्वारा कई तरह के रोजगार सम्बन्धी सृजनात्मक सराहनीय कार्य, और हितग्राही मूलक योजनाएं हमेशा चलाई जाती है। यह निर्धन व आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए हमेशा प्रयास करती रहती है। सांसद श्री रुडी की इस पहल से जीविका महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए सिलाई प्रशिक्षण के साथ कंप्यूटर का हुनर भी प्राप्त हो सकेगा। विदित हो कि जीविका समूह की शुरूआत साल 2006-07 में हुई थी जीविका समूह, बिहार सरकार की एक पहल है जिसके तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बनाए जाते हैं। इसका मकसद ग्रामीण गरीबों को सशक्त बनाना है। अब तक लगभग 1 करोड़ 50 लाख जीविका दीदी स्वयं सहायता समूह से जुड़ चुकी है।

## महापौर के तय एजेंडे में नगर आयुक्त द्वारा छेड़ छाड़ को ले 10 को होने वाली बैठक स्थगित

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। नगर निगम बोर्ड की 10 सितंबर को आहूत बैठक के एजेंडे में नगर आयुक्त द्वारा छेड़ छाड़ को लेकर महापौर गरिमा देवी सिकारिया के स्तर से उक्त बैठक स्थगित कर दिया है। महापौर द्वारा नगर आयुक्त को लिखे संबंधित पत्र में कहा है कि उनके द्वारा निर्धारित एजेंडे में नगर आयुक्त शंभू कुमार द्वारा एक बार फिर से अनाधिकार छेड़ छाड़ कर के उनके द्वारा निर्धारित चार एजेंडों में नियम के विरुद्ध अपने स्तर से बड़ी खरीदारी एवं नई एजेंसी चयन आदि का छह एजेंडा और जोड़ दिया गया है। इसके कारण नगर निगम बोर्ड की उक्त बैठक को स्थगित करते हुए महापौर के द्वारा पूर्व निर्धारित सिर्फ चार एजेंडे पर ही आगामी 23 सितंबर को नगर निगम बोर्ड की बैठक आहूत करने की कार्रवाई का निर्देश दिया है। अपने उक्त पत्र की प्रति नगर विकास एवम आवास विभाग के प्रधान सचिव से लेकर जिलाधिकारी तक को नगर आयुक्त के स्तर से संबंधित स्वेच्छाचारिता का विस्तार से वर्णन किया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने अपने पत्र में लिखा है कि - बड़ी खेद के स्पष्ट करना है कि आपकी स्वेच्छाचारिता के कारण बेतिया नगर निगम के बोर्ड की बैठकों का विधि सम्मत व्यवस्था के तहत आयोजन और संचालन नहीं हो पा रहा है। इसका उदाहरण देकर उन्होंने नगर आयुक्त को लिखा है कि आप अवगत हैं कि विगत 20 जुलाई 2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित नगर निगम बोर्ड की बैठक आपकी असमर्थता जताने के कारण नहीं हो सकी। पुनः 13 अगस्त को निर्धारित बैठक आपके द्वारा अनाधिकार एजेंडा बढ़ा दिए जाने के कारण बोर्ड में निर्णय के आलोक में उक्त बैठक को स्थगित करना पड़ा और उसी बोर्ड की बैठक में ही लिए गए निर्णय के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व से निर्धारित चार एजेंडे पर ही बैठक करने हेतु पुनः17 अगस्त को निर्धारित बैठक आहूत करने में आपने असमर्थता जताते हुए बैठक आहूत नहीं होने दिया। इसके बाद अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पुनः उन्ही चार एजेंडों पर 10 सितंबर को बैठक बुलाने के लिए पत्र दिया गया। उक्त बैठक के लिए आपके स्तर से शनिवार दिनांक 7 सितंबर को प्राप्त पत्र में अपने स्तर से बड़ी खरीदारी, नई एजेंसी चयन आदि का छह एजेंडों को पुनः जोड़ कर स्वेच्छाचारिता की प्रकाष्ठा पार करने का कार्य किया गया है। जबकि बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के 27अ(4) में स्पष्ट उल्लेख है कि महापौर/मुख्य पार्षद के निर्देशन में ही बैठक के लिए विचारणीय विषय तैयार किये जाएगें। इसको लेकर महापौर ने लिखा है कि पुनः निर्देशित किया है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व से निर्धारित चार एजेंडे पर ही नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक आगामी 23 सितम्बर नगर निगम बोर्ड की आहूत करने की विहित प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

## वन विभाग और भारतीय थारू कल्याण महासंघ व जटाशंकर मठ समिति के बीच वार्ता संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित वीटीआर वन सभागार में भारतीय थारू महासंघ और जटाशंकर मठ समिति के साथ वन विभाग के अधिकारियों की रविवार को बैठक हुई।जिसमें कई मुद्दों पर पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही बिचार विमर्श के पश्चात कई मुद्दों पर सहमति बनी।बतादें की वीटीआर जंगल के बीच पौराणिक मान्यता प्राप्त आस्था का केंद्र मंदिर जटाशंकर है जो एक मठ भी है।इस मठ के अंतर्गत कई और भी मंदिर है।साथ ही मठ का अपना लैंड भी है। इधर वन विभाग चाहता है कि मंदिर अपने सीमित जगह में अपने संसाधन का उपयोग करे। ताकि वह संपदा को सुरक्षित रखा जा सके। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि जटाशंकर मंदिर के आसपास पूर्व से चयनित जगह पर सोलर लाइट लगाए जाएगा।साथ में जटाशंकर मठ के पशुओं की संख्या को समिति सीमित करें। बतादूँ की जटाशंकर मंदिर और कौलेश्वर मन्दिर को श्रद्धालुओं के द्वारा दान में दिए गए गाय बैलों की संख्या दर्जनों में है।जो जंगल के बीच खुले में विचरण करते है। ईडीसी अध्यक्ष राजेश काजी ने बताया भारतीय थारू महासंघ समिति के प्रतिनिधि के साथ वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में फिलहाल जटाशंकर मंदिर के आसपास समरकेवल और सोलर लाइट लगाने पर सहमति बनी है। इस बैठक में प्रशिक्षु आईएफएस स्टालिन फिडेल,रेंजर राजकुमार पासवान,वनपाल आशीष कुमार, बायोलॉजिकल सौरभ वर्मा,पशु चिकित्सक मनोज कुमार डब्लूडब्लूएफ के प्रशस मर्द्रम,वनरक्षी सुनील कुमार व ओमप्रकाश कुमार,भारतीय थारू कल्याण महासंघ के अध्यक्ष महेश्वर काजी,सचिव रविन्द्र प्रसाद,समाजसेवी कृष्णमोहन खतैइत,जिला परिषद शेषनाथ चौधरी,ईडीसी अध्यक्ष राजेश काजी समेत बड़ी संख्या में थारू जनजाति के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## प्रखंड मुख्यालय पर जुट रही है जमीन सुधार की जानकारी लेने वालों की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। बिहार में जमीन बंदोबस्ती कानून 2024 से लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच अपनी जमीन के कागजात जुटाने को लेकर ऊहापोह की स्थिति बन गई है। लोगों को अपनी जमीन के कागजात की सही जानकारी नही होने के कारण प्रखंड के अंचल कार्यालय के डाटा सेंटर कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। डाटा सेंटर कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ रही है। भोले-भाले ग्रामीण सुबह से ही पंचायत के कर्मचारियों अथवा अमीन के पीछे पीछे उचित मार्गदर्शन के लिये घूमते नजर आ रहे हैं। जमीन से जुड़े तकनीकी जानकार लोगों की आजकल चांदी कट रही हैं। वहीं दूर दराज के पंचायतों से अंचल कार्यालय पहुँचे लोगों ने बताया पंचायत के मुखिया सरपंच के पास जाने पर संतोषजनक मार्गदर्शन नही मिलता है। अगर पंचायत में कर्मचारियों के साथ अमीन प्रतिदिन बैठते तो सभी प्रकार की जानकारी पंचायत में ही मिल जाती। प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाना नही पड़ता। बताते चलें कि राज्य सरकार की स्पष्ट गाईड लाइन है ।

## मृत्यु भोज अंधविश्वास और पाखंड : बुद्ध प्रकाश

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। भारतीय संविधान के अधिनियम 1960 के तहत मृत्यु भोज कानूनी अपराध है। यह अंधविश्वास और पाखंड है जो देश में गरीबी भुखमरी का कारण है। यदि मृत्यु भोज को बंद कर दिया जाए तो देश की गरीबी,भुखमरी एवम बेरोजगारी खत्म हो जाएगी। उक्त बातें अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सह साइंस फॉर सोसायटी पटना के भंते बुद्ध प्रकाश ने कही। श्री भंते बुद्ध प्रकाश सोमवार को मांझी प्रखंड के ताजपुर गांव में वीर बहादुर मांझी की माता के परिनिर्वाण निवारण दिवस के अवसर पर आयोजित शोक सभा को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और पाखंड का जोरदार विरोध किया। भंते बुद्ध प्रकाश ने कहा की बड़े लोग माध्यम वर्गीय लोगों का श्राद्ध कर्म कराते हैं। लेकिन गरीब मजदूर लोग श्राद्ध के बोझ से दबे होने के कारण अपने बच्चों को शिक्षित नहीं कर पाते हैं। भंते ने कहा कि आदमी जब मर जाता है तो इसे जला दिया जाता है अथवा दफना दिया जाता है। अंतिम संस्कार वहीं पर खत्म हो जाता है। लेकिन ढोंगी व पाखंडियों के द्वारा श्राद्ध के नाम पर डर फैला कर गाय दान,पलंग दान आदि अंधविश्वास फैलाया जाता है। आदमी जब मर जाता है तो उसे जलाने अथवा दफना देने के बाद भौतिक शरीर पंचतत्व में विलीन हो जाता है इसके बाद कोई क्रिया कर्म की जरूरत नहीं है। भंते बुद्ध प्रकाश ने कहा कि अंधविश्वास भगाओ देश बजाओ जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। अन्यथा इन पाखंडियों के चलते गरीब व मजबूर लोग एक तो मौत से दुखी रहने के अलावा कर्ज के बोझ से दब जाते हैं। इस मौके पर दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण माँझी ने किया।

## इसुआपुर के प्रभारी बीडीओ बने पंकज कुमार

इसुआपुर । प्रखंड के नए बीडीओ के रूप में मशरक प्रखंड में कार्यरत बीडीओ पंकज कुमार ने इसुआपुर प्रखंड के बीडीओ के रुप में अतिरिक्त प्रभार लिया । मालूम हो कि इसुआपुर प्रखंड कार्यालय में कार्यरत बीडीओ संतोष कुमार मिश्रा का विभागीय अपग्रेडेशन के साथ स्थानांतरण हो गया था। जिसके बाद उन्होंने विगत 12 जुलाई को इसुआपुर प्रखंड में कार्यरत राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय को बीडीओ का प्रभार दिया । हालांकि उन्हें कानूनी पेंच के चलते वित्तीय प्रहार नहीं मिला था। जिससे प्रखंड के विकास का कार्य बाधित हो रहा था। जिसको लेकर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी इसुआपुर अंचल में कार्यरत सीओ करुण करण को यह पद प्रभार के रूप में मिला।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर विकसित होगा टीकाकरण कॉर्नर, मिलेगी गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण की सुविधाएं

● 15 सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री करेंगे उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। राज्य सरकार ने टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुहृढीकरण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलों के प्रत्येक प्रखंड के दो-दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर इम्यूनाइजेशन कॉर्नर विकसित किया जायेगा। इसको लेकर जिला स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी। जिले के प्रत्येक प्रखंड के दो-दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को चिन्हित किया गया है जहां टीकाकरण कार्नर खोला जायेगा।जहां पर सप्ताह में तीन दिन (सोमवार, मंगलवार व गुरुवार) को शून्य से पांच साल तक के बच्चों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा।

सरकार ने फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसे शुरू किया है। यदि, टीकाकरण कॉर्नर के माध्यम से संबंधित पंचायतों के लाभुकों को शत-प्रतिशत टीकाकृत किया जाता है तो इसे जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में संचालित किया जाएगा।

15 सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के द्वारा वर्चुअल मोड टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन किया जायेगा। पूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग की पहल : सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पूर्ण टीकाकरण के 95 प्रतिशत आच्छादन लक्ष्य की प्राप्ति करना है। सरकार ने कहा है कि यह कदम टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने और गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उठाया गया है। इस पहल से टीकाकरण कार्यक्रम को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी और लोगों को गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह पहल राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा है।


## प्रखंड मुख्यालय पर जुट रही है जमीन सुधार की जानकारी लेने वालों की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। बिहार में जमीन बंदोबस्ती कानून 2024 से लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच अपनी जमीन के कागजात जुटाने को लेकर ऊहापोह की स्थिति बन गई है। लोगों को अपनी जमीन के कागजात की सही जानकारी नही होने के कारण प्रखंड के अंचल कार्यालय के डाटा सेंटर कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। डाटा सेंटर कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ रही है। भोले-भाले ग्रामीण सुबह से ही पंचायत के कर्मचारियों अथवा अमीन के पीछे पीछे उचित मार्गदर्शन के लिये घूमते नजर आ रहे हैं। जमीन से जुड़े तकनीकी जानकार लोगों की आजकल चांदी कट रही हैं। वहीं दूर दराज के पंचायतों से अंचल कार्यालय पहुँचे लोगों ने बताया पंचायत के मुखिया सरपंच के पास जाने पर संतोषजनक मार्गदर्शन नही मिलता है। अगर पंचायत में कर्मचारियों के साथ अमीन प्रतिदिन बैठते तो सभी प्रकार की जानकारी पंचायत में ही मिल जाती।


## मोबाइल पशु चिकित्सा वैन को डीएम ने दिखाई हरी झंडी



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री द्वारा मोबाइल पशु चिकित्सा वैन एवं कॉल सेंटर का लोकार्पण पटना में आयोजित समारोह में किया गया। पूर्वी चम्पारण जिला हेतु सभी प्रखंडों के मोबाइल पशु चिकित्सा वैन को जिलाधिकारी सौरव जोरवाल ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलान्तर्गत प्रत्येक प्रखंड हेतु एक-एक मोबाइल पशु चिकित्सा वैन उपलब्ध कराया गया है। इस मोबाइल पशु चिकित्सा वैन के माध्यम से सम्बंधित प्रखंड में रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन दो गाँवो में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर पशुओ का उपचार किया जायेगा। पशुपालक द्वारा अपने पशुओ की पशु चिकित्सा हेतु विभाग के टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी पदाधिकारी,डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव, पशु शल्य चिकित्सक मोतिहारी सहित प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं पशुपालन शाखा के कर्मीगण उपस्थित थे।

## गांजा और स्मैक की तस्करी करते युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा नगर ।थाना क्षेत्र के मधुकॉन चेक पोस्ट के पास रविवार की रात्रि में वाहन जांच के दौरान गांजा और स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया वहीं एक युवक भाग निकला ।गिरफ्तार युवक की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी अशोक साह के पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है वहीं भागने वाले युवक की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र के पट्टीपुल कोठियां निवासी शत्रुध्न सहनी के पुत्र विक्कू कुमार के रूप में हुई है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि बीती रात मधुकॉन चेक पोस्ट के पास वाहन जांच की जा रही थी इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो लोग पुलिस को देख भागने लगे पुलिस द्वारा पीछा करने पर गाड़ी के पीछे बैठा हुआ व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला वही बाइक सवार को पुलिस ने पकड़ लिया तथा उसकी तलाशी ली गई तलाशी के दौरान उस युवक के पास से गांजा की पुड़िया जिसका वजन 175 ग्राम तथा स्मैक की पुड़िया जिसका वजन 10 ग्राम था बरामद की गई। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सुप्रसिद्ध बाल गायक को मिला स्केल चेंजर हारमोनियम का उपहार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। पटना के होटल ऑरिगेनो रिजॉर्ट में आयोजित एक निजी कार्यक्रम ए भी आर होटल (जगदेव पथ) के ऑनर स्व ब्रम्हा सिंह के सुपुत्र श्सूर्यभुषण सिंह कि नातिन के जन्मोत्सव पर रौनक रतन कि गायकी से प्रभावित होकर श्री सिंह ने स्केल चेंजर हारमोनियम देने का वादा किया और दूसरे हीं दिन रौनक रतन के घर छपरा ताजपुर पहुंच के उनके पसंद कि दुकान जनता बाजार मनोज के यहां जो विशेष बाजा रतन के लिए कलकत्ता से मंगवाया गया था उन्हीं के पसन्द से ये उपहार रूपी आशीर्वाद प्रदान किया। रौनक रतन कि गायन प्रतिभा से प्रभावित पहले भी कई गणमान्य महानुभावों ने रतन को कई स्टूमेंट गिफ्ट किए हैं जैसे एमएलसी ई नसच्चिदानन्द रॉय जी द्वारा लेटेस्ट ऑर्गन एक्स पी एस थर्टी, ताजपुर पूर्व मुखिया श्री विजय सिंह जी के द्वारा गिटार और विश्वनाथ मिश्र (थल सेना सूबेदार) के द्वारा तबला उपहार और प्रोत्साहन के रूप में मिल चुका है।

## शिवकुमारी सिंह आईटीआई में छात्रों के बीच बैग का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी सारण माँझी प्रखंड के चकिया में चल रहे शिव कुमारी सिंह आईटीआई में सोमवार को सत्र 2024-26 के छात्रों के बीच निःशुल्क स्कूली बैग का वितरण किया गया। कालेज के डायरेक्टर पृथ्वीराज सिंह ने एक सभा का आयोजन कर बच्चों के बीच बैग वितरण किया। इस अवसर पर पृथ्वीराज सिंह ने कहा कि शिवकुमारी सिंह आईटीआई में बच्चों को दी जा रही तकनीकी शिक्षा के बदौलत इसका नाम सारण जिला सहित पूरे बिहार में प्रसिद्ध है। यहां देश के मशहूर कम्पनी प्रतिवर्ष हमारेआईटीआई परिसर में कैम्प लगा कर कैम्पस सेलेक्शन करती हैं जिसके द्वारा हमारे आईटीआई के सैकड़ो छात्र आज नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की नये सत्र में प्रतिवर्ष निःशुल्क बैग वितरण छात्रों के बीच होता है। मौके पर प्रिंसिपल अनिसुर रहमान शमी , तथा मुख्य अनुदेशक बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## कविवर कन्हैया के जन्मशती वर्ष पर इप्टा की ऐतिहासिक श्रद्धांजलि होगी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। कविवर कन्हैया जन्मशती वर्ष पर 15- 17 सितम्बर को रामजंगल सिंह कॉलेज, छपरा में बिहार इप्टा द्वारा आयोजित कविवर कन्हैया जन्मशती समारोह के आयोजन समिति की अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गयी और आवश्यक सुझाव दिए गये। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव तनवीर अख्तर बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहे। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह के अंतिम दिन 17 सितम्बर को सुबह 9 बजे से इप्टाकर्मियों द्वारा कविवर कन्हैया की जन्मस्थली दिघवारा के मानोपुर की सांस्कृतिक यात्रा को भव्य और यादगार स्वरुप प्रदान किया जाएगा। दो सौ से ज्यादा इप्टा कर्मियों का दल राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध विचारको, साहित्यकारों, रंगकर्मियों के नेतृत्व में कविवर कन्हैया के गाँव में जनसंवाद करेगा, उनके करीब आधा दर्जन क्रांतिकारी कविताओं गीतों कीमत प्रस्तुति की जाएगी।

## दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी हुआ संपन्न, प्रतिभागी छात्र -छात्राएं हुए पुरस्कृत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ' डाक टिकट प्रदर्शनी के अंतिम दिन चिराँद पर विशेष आवरण का विमोचन गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया` बता दें कि चिराँद बिहार के सारण जिले में पवित्र नदी सरयू (जिसे घाघरा नदी भी कहा जाता है ) के तट पर स्थित एक पुरातात्विक महत्वपूर्ण स्थल है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण टीम द्वारा इस जगह की खुदाई से पता चला कि नवपाषाण युगीन संस्कृति पूरे भारत मे सर्वप्रथम यही प्रकट हुई थी। चिराँद में एक बड़ा पूर्व ऐतिहासिक टीला है,जो नवपाषाण यूग लगभग 2500-1345 ईसा पूर्व से पाल राजवंश तक के पुरातात्विक अवशेष के लिए प्रसिद्ध है ' इस अवसर पर पवन कुमार निदेशक डाक सेवा बिहार सर्कल पटना, डा.प्रेमेन्द्र कुमार वाजपेयी कुलपति जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा, पुनीत कुमार गर्ग जिला एवं सत्र नयायधीश छपरा द्वारा संबोधित करते हुए ऐतिहासिक पुरातत्व चिरांद एवं फिलाटेली के महत्वों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला ' भिखारी ठाकुर सभागार सह प्रेक्षा गृह में चल रहे दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर जिले के लगभग 10 विद्यालयों के 450 से अधिक विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न तरह की प्रतियोगितायें आयोजित की गई ' जिसमें टिकट डिजाइन, क्विज,निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता शामिल है ' प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। जबकि समारोह में प्रवर डाक अधीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि एवं आगंतुक अतिथियों को मोमेंटो भेट किया गया`

## सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर हुई गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा 02, हरनाटांड, मधुबनी, सिकटा, मैनाटांड, नौतन, ठाकरहाँ, पिपरासी समेत कई अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर सोमवार को गर्भवती व अन्य महिलाएँ स्वास्थ्य जाँच कराने को उमड़ पड़ी। बगहा 02 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी महिलाओं की काफी भीड़ देखी गईं है। यहाँ 150 से ज्यादा गर्भवती महिलाओं की एएनसी जाँच की गयी। इस दौरान डॉ सरिता कुमारी, डॉ राजेंद्र, डॉ रविंद्र कुमार, एएनएम संगीता कुमारी, रंजू, निर्मला द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच के दौरान उनका वजन, बीपी, एचआईवी, ब्लड शुगर, एफएचएस, बच्चे के दिल की धड़कन व अन्य शारीरिक जाँच की गयी। उन्हें आयरन, कैल्शियम व अन्य दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ ही धात्री महिलाओं की भी जाँच की गई। ये विशेष जाँच महीने में 09 एवं 21 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाता है। इस दौरान उन्हें सुरक्षित गर्भवस्था हेतु आवश्यक बातें बताई जाती है। संतुलित भोजन, साफ-सफाई के साथ अपनी सेहत का पूरा ख्याल रखने के बारे में जागरूक किया जाता है।

# पशुपालकों के द्वार पर अब पशु चिकित्सा होंगे उपलब्ध : उप विकास आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । पशुपालकों के द्वार परपशु चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु जिले के सभी 19 प्रखंडो में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई उपलब्ध कराया जाना है। जिले को अभीतक 09 मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई उपलब्ध करायी गयी है। इसका शुभारम्भ उप विकास आयुक्त, रोहतास, सासाराम के द्वारा समाहरणालय, परिसर रोहतास में हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, रोहतास डॉ राजेश कुमार चौबे, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी (चलन्त) डॉ प्रदीप कुमार निराला, सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार बैठा एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, रोहतास डा० राजेश कुमार चौबे ने बताया की




बिहार के पशु चिकित्सा इतिहास में यह एक ऐतिहासिक कदम है। पशुपालक टॉल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल कर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना में स्थापित कॉल सेन्टर से सम्पर्क कर अपने द्वार पर पशु चिकित्सा का लाभ उठा सकते है। कॉल सेन्टर के द्वारा संबंधित मोबाईल भेटनरी यूनिट को संबंधित पशुपालक को उनके द्वार पर पशु चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जायेगा। मोबाईल भेटनरी यूनिट में एक पशु चिकित्सक एक पशु चिकित्सा सहायक तथा एक ड्राईवर सह परिचारी की व्यवस्था की गयी है। इसका परिचालन प्रत्येक कार्य दिवसों में सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक किया जायेगा। प्रतिदिन 02 गाँवों में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। रविवारीय एवं राजपत्रित अवकाश के दिनों में इसका परिचालन नहीं किया जायेगा। मोबाईल भेटनरी यूनिट के सौजन्य से दूरस्थ ईलाकों में वैसे पशु जो चलने-फिरने में अस्मर्थ है या काफी कमजोर है, की चिकित्सा हो पायेगी। जिनकों अस्पताल तक. लाने में काफी कठिनाईयों को सामना करना पड़ता है। इससे पशुपालकों को समय की बचत एवं ईलाज के व्यय में कमी आयेगी। जिससे की उत्पादकता में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बालिका विद्यालय में पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन

आरा । राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवादा आरा के परिसर में सामाजिक दायित्व के अंतर्गत उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा निर्मित संसाधन एवम पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन सदर अस्पताल आरा के उपाधीक्षक डॉक्टर अरुण कुमार प्रधानाध्यापिका अनुपमा कुमारी एवम ई अविनाश मेमोरियल फाउंडेशन के सचिव नीलेश्वर उपाध्याय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉक्टर अरुण ने कहा कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत संसाधन एवम पुनर्वास केंद्र का स्कूल के परिसर में निर्माण बहुत ही सराहनीय कार्य है।इस केंद्र की स्थापना से अल्प विकसित बच्चों को विकसित करने में यह पुनर्वास केंद्र मिल का पत्थर साबित होगा वही ये बच्चे आगे चलकर समाज में भी अपना योगदान दे सकेंगे। प्रधानाध्यापिका अनुपमा कुमारी और नीलेश्वर उपाध्याय ने भी बैंक के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस पुनर्वास केंद्र के माध्यम से कक्षा 1 से 12 तक के अल्पविकसित बच्चो के पुनर्वासन में काफी सहूलियत होगी।इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में उज्जीवन बैंक आरा के मैनेजर विनीत कुमार एरिया मैनेजर मनीष कुमार सी आर एम अभय कुमार ,विद्यालय परिवार के शोभा गुप्ता ,विना कुमारी ,अनिता सिन्हा,सुधीर कुमार , रामप्रकाश सिंह ,आशुतोष कुमार उपस्थित थे।

### भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान के तहत मोर्चो का होगा संयुक्त बेठक

आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा सभी बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान को जोर-शोर से चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान को सफल बनाने और लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु लगातार विभिन्न बैठके हो रही ही। उसी मिशन के तहत दस सितम्वर को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे युवा,किसान,पिछड़ा/अतिपिछड़ा, महिला, अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक मोर्चो का संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा सोमवार को तैयारी समीक्षा की बैठक की गई। जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि भाजपा द्वारा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान मे पार्टी के सभी मोर्चो का विशेष महत्व है। भोजपुर जिला भाजपा मोर्चा प्रभारी की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष ई.धीरेंद्र धीरेन्द्र सिंह को दिया गया है। कल संयुक्त मोर्चा बैठक मे प्रदेश के वरीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह,प्रदेश महामंत्री शिवेश राम सहित अन्य नेतागण शामिल होंगे।

### पूर्व के अपहरण के मामले में दो की हुई गिरफ्तारी

दावथ (रोहतास) शादी की नीयत से बहला फुसला कर लड़के को भगा ले जाने के आरोप में रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि लड़का नाबालिग होने के कारण अवैध तरीके से भगाकर/अपहरण कर शादी कराने के मामले में गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में लड़के वाले ने लड़की एवं उसके परिवार वालों पर शादी की नियत से बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने का मामला दर्ज किया गया था।

### मोथा विद्यालय के किचन का दरवाजा तोड़ समान की चोरी

काराकाट (रोहतास): काराकाट थाना क्षेत्र के मोथा गांव के उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल के प्रधानाध्यापक नौशाद खान ने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया । बताया गया कि कन्या उच्च विद्यालय के स्कूल के किचेन रूम का दरवाजा तोड़ कर खाना बनाने का बर्तन सहित कई समान की चोरी कर ली गई है । बताया कि शनिवार को स्कूल बंद कर घर चले गये । रविवार को छुट्टी था, सोमवार को जब स्कूल पहुंचे तो किचेन रूम का दरवाजा टूटा हुआ था ।किचेन रूम में रखा सभी सामान गायब था । गौरतलब हो कि वर्ष 2021 के बाद इस विद्यालय में नौ बार चोरी की जा चुकी है । 15 अप्रैल 2024 को स्कूल के कम्प्यूटर रूम का ताला तोड़कर कम्प्यूटर व कम्प्यूटर का सभी सामान, गीत संगीत का सारा सामान की चोरी की गई थी ।अभिभावकों ने नाइट गार्ड की बहाली करने की मांग की है ।

### सासाराम में काफी मात्रा में अवैध शराब जब्त

सासाराम(रोहतास): रोहतास जिले अवैध शराब का करोबा का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी सासाराम में भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार सासाराम के दरिगांव थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित हुंडई शो रूम नजदीक एक गोदाम मे रखे काफी मात्रा में शराब बरामद किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर सासाराम अंचलाधिकारी के नेतृत्व में यह छापेमारी कर शराब बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि फोरलेन के नजदीक एक गोदाम में अवैध शराब स्टोर किया गया है।

## आरा शहर में जाम से लोग होते हैं हर दिन परेशान



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर में लगा महाजाम मठिया महावीर टोला महादेवा रोड सभी जगह देखने को मिला जाम ही जाम।

प्रशासन को भी जाम का सामना करना पड़ा। एंबुलेंस काफी देर से अपनी माइक से घोषणा भी कर रहा था, कृपया रास्ता को क्लियर कराया जाए मरीज को सदर अस्पताल लेकर जाना है। कोई भी ट्रॉफी पुलिस के जवान एंबुलेंस के पास जाम हटाने के लिए नहीं आया। उसी दरमियान नो एंट्री में एक ट्रैक्टर घुस गया वहीं लोगों कहना है कि आरा शहर का यातायात पूरी तरह तरफ फेल है। हर दिन सुबह 8 बजे से रात को 8 बजे तक महाजाम लगा रहता है। स्कूल के बच्चे भी बस में काफी देर से जाम फंसे हुए रहते है। किसी को सदर अस्पताल जाना था बच्चे अपने घर जाने का भी इंतजार कर रहे थे कब जाम मुक्ति मिले घर पहुंचे।

## आरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के आरा शहर के शांति मेमोरियल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल के तत्वाधान में संचालित शांति मेमोरियल ब्लड बैंक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमर शहीद लाला जगत नारायण के 43वी पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक युवा समाजसेवी व्यवसायी और पत्रकारों ने अपना रक्तदान किया। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए डॉ विकास ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। एक स्वस्थ इंसान को रक्तदान जरूर करना चाहिए।उन्होंने बताया कि जिले का पहला ब्लड बैंक शांति मेमोरियल अस्पताल में संचालित किया जा रहा है जहां 24 घण्टे होल ब्लड,पीआरबीसी,



प्लेटलेट्स,प्लाज्मा समेत अन्य सुविधाएं मौजूद रहेगी। वही इस कार्यक्रम के संयोजक और जिला संवाददाता राकेश राजपूत ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज मे एक बेहतर संदेश मिलता है। जबतक हमलोग रक्तदान नही करेंगे जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमन्द को रक्त कैसे उपलब्ध होगा। समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए। मौके पर मो वसीम,रवि,बिट्टू गुप्ता, विकास कुमार,आलोक भारती, दीपक गुप्ता समेत दर्जनों रक्तदाता मौजूद रहे।

## भगवान बलभद्र की जयंती समारोह मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भगवान बलभद्र की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया सबसे पहले बलभद्र भगवान का पूजा अर्चना की गई उसके बाद झंडा तोलन किया गया इस बलभद्र पूजा में पूर्व सांसद मीना सिंह आरा नगर निगम की मेयर इंदु देवी आरा नगर विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह ब्याहुत कलवार सेवा संघ के अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद ब्याहुत की अध्यक्षता सभी आए हुए मुख्य अतिथियों को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, एमएलसी, मेयर शामिल हुए जिन्हें समाज के द्वारा सम्मानित भी किया गया इतना ही नहीं भगवान बलभद्र जी की पूजा अर्चना के बाद बड़ी




संख्या में समाज के जो बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए व देश प्रदेश में जो बच्चे सरकारी, अर्धसरकारी व निजी संस्थानों में अपने समाज का परचम लहरा रहे हैं साथ ही जो बच्चे स्पोर्ट्स में मेडल प्राप्त कर चुके हैं उन्हें भी मेडल, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया इतना ही नहीं चयनित गरीब मेधावी बच्चों को पूरे कोर्स तक आर्थिक मदद भी दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे समाज के कई महिला व पुरुष ऐसे हैं जो पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं उन्हें भी चिन्हित कर मंच से सम्मानित किया जाता है। बलभद्र जयंती समारोह का एक यह भी उद्देश्य होता है कि हम अपने कुल देवता की पूजा के साथ-साथ अपने समाज के लोगों के साथ मिलजुल कर आपसी प्रेम व भाईचारा कायम रखें, जिसमें जिले भर से लोग इस कार्यक्रम में पहुंचते हैं। आज के इस बैठक में भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना से लेकर प्रसाद वितरण और सम्मान समारोह सहित कई बातों पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान महासचिव गणेश प्रसाद ब्याहुत, पूर्व महासचिव सुरेश प्रसाद ब्याहुत, मीडिया प्रभारी राजू प्रसाद ब्याहुत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकार के घर पहुंचे लोजपा संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष

आरा। लोजपा संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय रविवार की शाम दिवंगत पत्रकार रामाकांत त्रिपाठी उर्फ रजनीश त्रिपाठी के घर शहर के चरखंभा गली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत पत्रकार के शोक संतप्त परिवार एवं बड़े भाई से मुलाकात कर ढांढस बंधाया तथा दुःख की इस घड़ी में साथ रहने की बात कही। श्री पांडेय ने कहा कि रजनीश त्रिपाठी को मैं व्यक्तिगत रूप से जानता था। वे लेखनी के धनी व्यक्ति थे। वे निर्भीक पत्रकार के रूप में जाने जाते थे। अपनी लेखनी से हमेशा सत्य को उजागर करते थे। उनके असामायिक निधन से भोजपुर के पत्रकारिता जगत एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी निकट



भविष्य में भरपाई संभव नहीं है। इसके बाद वे शहर के नवादा स्थित होमियोपैथ चिकित्सक डॉ. पंकज शर्मा के घर पहुंचे । उन्होंने चिकित्सक की माता जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। तत्पश्चात पूर्व एमएलसी चंदवा हाउसिंग कॉलोनी निवासी महेश राय के आवास पर गये। जहां उन्होंने महेश राय के दादा सुरेंद्र राय की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर संवेदना प्रकट की।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा । महिला एवं बाल विकास निगम ,बिहार पटना के दिशा -निर्देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला एवं प्रखंड स्तरीय विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर डॉक्टर नेमीचंद्र उच्च विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला मिशन समन्वयक मोहम्मद तैयब अहमद ने बताया कि देश के विकास के लिए अधिक -से -अधिक नागरिकों को साक्षर होना अति आवश्यक है । साक्षरता उन्नति और विकास का कारक बन सकती है । पढ़ने - लिखने में सक्षम व्यक्ति साक्षर है ।जिसे अक्षरों का ज्ञान भाषा की मयार्दा सही व गलत में फर्क समझ आता है, वह साक्षर है।

साथ -ही -साथ राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं यथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, साइकिल योजना ,संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, भारतीय न्याय संहिता के साथ भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह को रोकने हेतु विशेष जानकारी दी । उपस्थित जिला परियोजना प्रबंधक श्री कुमार रोहित द्वारा शिक्षा के महत्व को विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को साक्षर होना अति आवश्यक है बिना शिक्षा हम समाज का ना विकास कर सकते हैं और ना ही निर्माण कर सकते हैं । वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासन अनुपमा श्रीवास्तव एवं केस वर्कर अंजू कुमारी ने कहा कि हिंसा से महिलाओं एवं किशोरियों को बिल्कुल नहीं डरना है हिंसा के डर से अपने काम को छोड़ना नहीं बल्कि हिंसा के खिलाफ मुखर होकर विरोध करना है ।आपकी मदद के लिए वन स्टॉप सेंटर एवं 181 हमेशा तत्पर है आप कभी भी उनका सहयोग ले सकती हैं। साथ ही जिला समन्वयक श्री पीयूष पराग यादव एवं जिला परियोजना सहायक नेकी आलम द्वारा पोषण माह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी, उन्होंने एनीमिया से होने वाले नुकसान को बताया, जीवन में पोषण क्यों जरूरी है इसकी विस्तृत जानकारी दी साथ ही पोषण भी पढ़ाई भी थीम की बारे में बताया और उन्होंने कहा कि आज के पर्यावरण को सही रखने के लिए हम सभी को एक पेड़ लगाना अति आवश्यक है।

### स्मार्ट मीटर की जानकारी देने के लिए होगा नुक्कड़ नाटक

बिक्रमगंज(रोहतास) : साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर जागरूकता अभियान के तहत 10 सितम्बर को सूर्यपुरा बड़ा तालाब के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सीनियर प्रोटोकॉल ऑफिसर ख्वाजा जमाल, विद्युत अधीक्षण अभियंता रोहतास इंद्रदेव कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्राविम, सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार शामिल होंगे। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज ने बताया कि आयोजित नुककड़ नाटक के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की विशेषताएं बतायी जाएगी। प्रखंड सूर्यपुरा के सभी जन प्रतिनिधियों व समाजिक कार्यकर्ताओ को भी कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

### शराब विक्रेता महिला को किया गिरफ्तार

दावथ (रोहतास) रोहतास पुलिस द्वारा शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत अब पुरुष के अलावे महिलाएं भी काफी संख्या में इस धंधे में शामिल पाई जा रही है। अभी पिछले कुछ दिन ही दावथ प्रखंड मुख्यालय गांव से एक महिला को शराब बेचने के आरोप में जेल भेजा गया है कि वही आज पुनः शराब बेचते हुए एक महिला को गिरफ्तार दावथ पुलिस अग्रेतर करवाई हेतु दावथ थाने ले आई है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि ग्राम कोवाथ के डोम टोली से गीता देवी पति संजय डोम सा0 डोम टोली कोवाथ को घर से शराब बेचते हुए पकड़ा गया है।

## अपराधियों ने दो सगे भाइयों को मारी गोली, एक की मौत दूसरा गम्भीर

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर। सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव में अपराधियों ने दो सगे भाइयों को गोली मार दी है। जिससे एक भाई की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। दुसरा गंभीर रूप से जख्मी बताया जा रहा है। जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पेरहाप निवासी 52 वर्षीय कमलेश राय के रूप में की गई है। वहीं मंनोरंजन राय गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।

जानकारी के मुताबिक दोनों भाई बाइक से आरा जा रहे थे तभी अपराधियों ने गोली चला दी। वहीं मृतक कमलेश राय पर अप्रैल में भी अपराधियों के द्वारा उनके घर पर गोलीबारी की गई थी। जिसमें वे जख्मी हुए थे तथा उनका पुत्र आदित्य कुमार की मृत्यु हो गई थी। वहीं भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि आज पीरो अनुमंडल अंतर्गत सहार थाना के पेरहाप गांव में चचेरे भतीजे और चचेरे चाचा के बीच संपत्ति विवाद जो पूर्व से चल रहा था। उसी को लेकर चचेरे भतीजे प्रियांशु राय के द्वारा चचेरे चाचा कमलेश राय और मनोरंजन राय के ऊपर गोली चला दी गई। जिसमें कमलेश राय की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा मनोरंजन राय को कंधे पर गोली लगी है। पुलिस के द्वारा अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है, और फिलहाल वह खतरे से बाहर है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना अध्यक्ष के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। तथा एफएसएल की टीम घटना स्थल पर रवाना हो गई है। जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु साक्ष्य का संकलन किया जा सके।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि कमलेश राय के पिताजी तीन भाई थे, और उसमें एक चाचा की कोई संतान नहीं थी। और उनकी लगभग सारी संपत्ति कमलेश राय और उसके भाई ने अपने नाम कर ली थी। जिसके कारण चचेरे भाई प्रियांशु राय और उनके परिवार से विवाद चल रहा था। पूर्व में भी जमीनी विवाद और संपत्ति विवाद में ही दोनों परिवार में आपस में गोली चल चुकी है। पुराने ही एक मामले में आज कमलेश राय और मनोरंजन राय आरा कोर्ट जाने के लिए घर से निकले थे। पास में ही प्रियांशु राय और उसका एक साथी झाड़ी में घात लगाकर छिपे हुए थे। जैसे ही कमलेश राय और मनोरंजन राय घर से बाहर सड़क पर आते हैं। वैसे ही प्रियांशु राय और उसके साथी के द्वारा उनके ऊपर फायरिंग कर दी जाती है। जिसमें की कमलेश राय की घटना स्थल पर मृत्यु हो जाती है। वहीं प्रियांशु राय तथा उसके साथी अपराधी की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर दिया गया है। और पुलिस टीम जगह-जगह अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी आरंभ कर दी है। परिजनों के बयान के आधार पर इस घटना में लाइनर का काम करने महिला अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। और अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम जगह-जगह छापामारी कर रही है।

### आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक, राहुल बने पूजा समिति के अध्यक्ष

गडहनी (एसएनबी)। नगर पंचायत गडहनी स्थित पुरानी बाजार शिव मंदिर के प्रांगण मे आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर पूजा समिति के मुख्य संरक्षक सुनय कुमार परमार उर्फ बब्लू सिंह की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। संचालन पूर्व अध्यक्ष सुमन चौरसिया ने किया।इस दौरान पूजा तैयारी की रूपरेखा तैयार करते हुए पुरानी पूजा कमिटी मे फेरबदल किया गया।इस दौरान सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी कमिटि ही पूजा का कार्यभार संभालेगी।वहीं ग्यारह संरक्षण व ग्यारह संयोजक को रखते हुए कुछ पदों मे फेरबदल किया गया।जिसमे पूजा कमिटी के अध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव दीपक केसरी, कोषाध्यक्ष भीम सोनी, उपाध्यक्ष समर गुप्ता उपकोषाध्यक्ष रजत गुप्ता, सुरक्षा प्रभारी सोलु कुमार और प्रकाश कुमार, पीर मोहमद को बनाया गया।बैठक मे मुख्य रूप से चंदन सोनी, पंकज गुप्ता, बिटु कुमार, सोनू कुमार, करिमन, प्रेम, शंभु बारी, दीपांशु, आशीर्वाद, संजय काका, बैजू साह आदि कई शामिल थे।

## रोहतास में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। बिहार के रोहतास जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा महा रक्तदान शिविर का आयोजन स्वर्गीय लाला जगत नारायण जी की 43वें पुण्यतिथि पर जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सा एवं शिक्षण संस्थान नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमुहार रोहतास बिहार के प्रतिनिधित्व में आयोजन संपन्न हुई। रक्तदान शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन अभिनव कला संगम के निदेशक संजय सिंह बालाजी एवं नारायण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उसके बाद शहीद लाला जगत नारायण जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। वही अभिनव कला संगम द्वारा प्रचार- प्रसार के माध्यम से दर्जनों रक्तवीरो ने अपना-अपना रक्तदान कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। इस दौरान संस्था के निदेशक संजय सिंह द्वारा ने कहा की स्वर्गीय लाला जगत नारायण जी के 43वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है ऐसे में बहुत सौभाग्यशाली हैं हम इस अवसर पर इस तरह का आयोजन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। वही अभिनव कला संगम की ओर से मिथिलेश कुमार उर्फ मुन्ना सिंह , विजय कुमार नाग , संजय कुमार अग्रवाल ,मनीष प्रसाद,बृजेश मिश्रा सहित समाज की ओर से दर्जनों लोगों ने अपना रक्तदान किया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम में शामिल नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से भूपेंद्र नारायण सिंह,डॉक्टर संजीव कुमार पाराशर,संस्था की ओर से निर्देशक संजय सिंह बाला , सचिव नंदन कुमार, रविकेश उपाध्याय (पत्रकार), संतोष सिंह (पत्रकार), मुन्ना सिंह, विजय चौरसिया ,कीर्तन श्रीवास्तव , विनोद गुप्ता , संतोष सिंह , मोहम्मद शादाब सिद्दीकी , उमेश कुमार सिंह , अजय कुमार सिन्हा , अनिकेत कुमार उर्फ मनीष , संजय कुमार अग्रवाल , मनीष प्रसाद बृजेश मिश्रा सहित कई रक्तवीरों ने अपना अपना रक्तदान किया।

## खेल कूद प्रतियोगिता में छात्रों ने जीते गोल्ड व रजत पदक

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत रोहतास जिला स्तरीय पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 0.5 कबड्डी एकेडमी बिक्रमगंज के विवेक और आयन को स्टेट स्तरीय (मधेपुरा) खेलने के लिए अंडर -17 में हुआ सलेक्शन।। 0.5 कबड्डी एकेडमी बिक्रमगंज के छात्रों ने अपनी शानदार प्रदर्शन दिखाई। वही गोल्ड व रजत पदक जीतकर अपने अनुमंडल एवम प्रखंड का नाम रौशन किया। विवेक कुमार +2 उच्च विद्यालय वेलवाइ व आयुष सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल बिक्रमगंज में पढ़ाई करते है। कबड्डी में +2 उच्च विद्यालय वेलवाइ अंडर -17 में +2 उच्च विद्यालय सरैया को 27 - 19 से हराकर विजेता टीम बनी।। रोहतास जिला कबड्डी संघ के




संयुक्त सचिव गौतम कुमार ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में और कड़ी मेहनत की जरूरत है। आने वाले दिनों में कबड्डी में अपना जिला बिहार के नंबर वन टीम बने।। रोहतास जिला कबड्डी संघ के सचिव दिव्या पांडे ने पूरे टीम को बधाई दी । मौके पर मौजूद विक्की गुप्ता, बृज मोहन यादव, इरफान कुरैशी, आदर्श कुमार, अमन, मंजेश यादव एवम कृष्णा कुमार थे।।

## स्वच्छता हमें रोगों से मुक्ति दिलाता है : नन्द

गडहनी। विभागीय निदेर्शालोक मे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।इसके तहत हाथ धुलाई कार्यक्रम की गतिविधियां आयोजित की गई ।वहीं मध्य विद्यालय काउप के प्रधानाध्यापक नन्द जी सिंह ने बताया कि इस दौरान उपस्थित बच्चों को स्वच्छता के बारे में विशेष जानकारी उपलब्ध कराई गई साथ ही साबुन पानी से हाथ धुलवाया गया और हाथ धोने के फायदे को बताया गया ।उन्होंने जानकारी देते हुए बच्चों को बताया कि जीवन जीने के लिए हमारे जीवन में स्वच्छता का होना नितांत आवश्यक है ।स्वच्छता हमें रोगों से मुक्ति दिलाता है। हम सभी को मन के साथ-साथ अपने शरीर को भी स्वच्छ बनाना है। इसके लिए हम सभी को अपने घर के आसपास के जगहों के साथ-साथ कपड़े रहन-सहन को स्वच्छ और निर्मल बनाना होगा।अपने हाथों को साबुन से धोते रहना चाहिए जिससे हाथों की गंदगी पेट में नहीं जाए।

## भाजपा ने जवाहर टोला में चलाया सदस्यता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा:भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा आरा के नगर मंडल अंतर्गत जवाहर टोला वार्ड न. 40 मे वार्ड पार्षद गुड्डू पासवान के आवास पर सदस्यता अभियान चलाया गया, जहाँ पर पार्टी से जुड़ने वाले सैकड़ो इक्षुको ने सदस्यता ग्रहण की। नगर अध्यक्ष जीतू चौरसिया की अध्यक्षता मे चलाये गए इस अभियान मे आरा विधायक सह-पूर्व कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह जी ने लोगो को सदस्य बनाया। विधयाक जी ने आमजन को




सम्बोधित करते हुए कहा की पुरे भारत मे हम ऐसे राजनैतिक पार्टी हैं जिसने देश की सभ्यता, संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ बिना भेद-भाव के समाज के अंतिम पैदान पर रह रहें नागरिक को ख्याल रखते हुए विकास की गति को बनाये रखा। आज पूरा विश्व हमें सम्मान की दृष्टि से देख रहा हैं। हमारे सांसद दो थे या आज, हमने कभी भी अपने विचारधारा व विकास नीति से समझौता नहीं किया, इन सब का श्रेय पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं के साथ देश की जनता को जाता हैं जिसने हमारे पार्टी पर विश्वास किया और हमें देश का दायित्व सौंपा। भारत माता को परम बैभव तक ले जाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्त्ता निरंतर परिश्रम कर रहें हैं। अभियान मे जिला उपाध्यक्ष लव पाण्डेय, नगर सदस्यता प्रभारी विजय सिंह, प्रियांशु दीवान, धर्मेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, मुन्ना सिंह, निशु वर्मा, अमित पाण्डेय, पंकज सिंह, मिथुन पाण्डेय, राजू शाहबादी, विकास कुमार, रोहित कुमार, प्रिय दीपक, कुणाल कुमार, विशाल विराट के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

## रामलीला मैदान में अयोध्या नगरी के संत करेंगे राम कथा

आरा। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की बैठक सोमवार की शाम को की गई, जिसकी अध्यक्षता नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने की। बैठक में शारदीय नवरात्र के अवसर पर 18 दिवसीय रामलीला व विजयदशमी के दिन रावण वध की तैयारी समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि नगर रामलीला समिति के ट्रस्टियों ने यह तय किया है कि इस बार रामलीला और सभी तरह के कार्यक्रम के लिए किसी तरह की रसीद बाजार में नही भेजी जाएगी। समिति के ट्रस्टी, कार्यकारिणी सदस्य अपनी ओर से सहयोग राशि एकत्रित कर कार्यक्रम को संपन्न करेंगे। विश्वकर्मा पूजा के बाद पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकताओं के लिए नगर रामलीला समिति ट्रस्ट का बैंक अकाउंट नंबर एवं क्यू आर कोड सार्वजनिक किया जाएगा, जिस पर लोग डिजिटल ट्रांजक्शन के माध्यम से सहयोग करेंगे। इससे पैसे के लेने-देन में पुरी पारदर्शिता बनी रहेगी। सचिव विष्णु शंकर ने कहा कि 18 दिवसीय रामलीला के दौरान रामलीला मैदान में ही राम कथा का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या नगरी के प्रख्यात संत द्वारा संध्या 4 बजे से 6 तक राम कथा का वाचन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी जोर-जोर से चल रही है। नवरात्र के मौके पर नगरवासियों को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के कथा से बहुत कुछ जानने और जीवन में आत्मसात करने का अवसर प्राप्त होगा। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह रामनवमी शोभा यात्रा समिति के महासचिव शंभू चौरसिया ने रामलीला मैदान में भगवान राम, माता सीता व वीर हनुमान का फोटो युक्त लगाए गए होडिंग को असमाजिक तत्वों द्वारा फाडने की निंदा की।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024




# सिकंदर से उठा सलमान खान के किरदार से पर्दा, इस खास रोल में नजर आएंगे?

अब तक यह बात जगजाहिर हो चुकी है कि सलमान खान एआर मुरुगुदास के निर्देशन में सिकंदर फिल्म कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और पहला शेड्यूल भी पूरा हो चुका है। अब फिल्म को लेकर यह जानकारी सामने आई है कि सलमान फिल्म में किस खास किरदार में नजर आने वाले हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म सिकंदर में सलमान एक ऐसे ताकतवर रूप में नजर आएंगे, जो आज के समाज में हो रहे तमाम भ्रष्टाचार गिरोह के खिलाफ खड़ा दिखाई देगा। यही वजह है कि फिल्म में आपको भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। वैसे तो बॉलीवुड में अमिताभ बच्चन को एंग्री यंग मैन के लिए जाना जाता है, क्योंकि ऐसे कई किस्से हैं जो ये जाहिर करते हैं कि वो रियल एंग्री यंग मैन रहे हैं। लेकिन अब सलमान अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर में अपने इस किरदार के जरिए एंग्री यंग मैन का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में सलमान एंग्री यंग मैन के अवतार में दिखाई देंगे और एक गुस्सैल युवक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में सलमान का किरदार क्रोध और गुस्से से भरा हुआ दिखाई देगा, जो समाज के बेकार सिस्टम से लड़ता दिखाई देगा। सलमान एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो समाज में मौजूद एक बड़े गिरोह को खत्म करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगा। एआर मुरुगुदास अपने सामाजिक ड्रामा के लिए जाने जाते हैं और खबरों के अनुसार उन्होंने सलमान के लिए एक खूबसूरत कहानी तैयार की है, जो दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब होगी। सिकंदर से पहले सलमान खान ने साजिद नाडियावाला के साथ किक में काम किया है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि कुछ समय पहले खबर आई थी कि सलमान की पसलियों में चोट लगी हुई है। इसके बावजूद भी वो लगातार सिकंदर की शूटिंग लगातार कर रहे हैं। यही नहीं बल्कि एक्शन सीन भी फिल्मा रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित इस फिल्म में सलमान खान के अपोजिट रशिमका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल ईद 2025 के मौके पर रिलीज हो सकती है।



# फिल्म जवान के एक साल पूरे होने पर सान्या मल्होत्रा ने फैंस के साथ बांटी खुशी

शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान ने हिंदी सिनेमा में अपना एक साल पूरा कर लिया है। इसका जश्न मनाने के लिए अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर फिल्म से कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में फिल्म की कई फोटोज और वीडियो शेयर किए। पहली वीडियो में फिल्म को थियेटर में चलते हुए देखा जा सकता है, जिसमें सान्या फिल्म के गाने जिंदा बंदा पर डांस करती नजर आ रही हैं। सान्या मल्होत्रा ने इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा, जवान के 1 साल पूरे होने पर बधाई। इसके बाद अभिनेत्री ने फिल्म के कलाकारों संजीता भट्टाचार्य और आलिया कुरैशी के साथ पोज देते हुए एक तस्वीर शेयर की।

आखिरी क्लिप में सान्या ने अपने प्रशंसकों के साथ फिल्म का एक एक्शन सीन शेयर किया। एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जवान एक एक्शन और थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म से उन्होंने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। इस फिल्म में सुपरस्टार शाहरुख ने पिता और बेटे के दोहरे किरदार निभाए हैं। फिल्म में नयनतारा, विजय सेतुपति, दीपिका पादुकोण और प्रियामणि जैसे कलाकारों की टोली है। फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने के लिए काम करता है। मगर उसका सामना एक ऐसे बुरे इंसान के साथ होता है, जिसने कई लोगों को तकलीफ पहुंचाई है। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अगली बार अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगी। यह फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया' का सीक्वल होगी। इस फिल्म में वरुण और निर्देशक शशांक खेतान एक बार फिर से साथ आए हैं। इससे पहले उन्होंने हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' में उनके साथ काम किया है। धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वह एक बार फिर वरुण के साथ बेबी जॉन में भी नजर आएंगी।

# निर्माता दिनेश विजान की आने वाली फिल्म में नजर आएंगी जाह्नवी कपूर





निर्माता दिनेश विजान जल्द ही एक लव स्टोरी ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा लीड रोल में दिखाई देंगे। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। अब इस फिल्म में जाह्नवी कपूर की एंट्री हो गई है। यह पहली बार है जब सिद्धार्थ और जाह्नवी एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। इस फिल्म को तुषार जलोटा डायरेक्ट करेंगे। उन्होंने अभिषेक बच्चन की फिल्म दसवीं डायरेक्ट की थी। बता दें कि जाह्नवी को फिल्म की पटकथा पसंद आई है और वे रोमांटिक फिल्मों के निर्माण के लिए जानी जाने वाली कंपनी के साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हैं। जाह्नवी इस साल दो फिल्मों में नजर आईं, मिस्टर एंड मिसेज माही और उलझन। इसके अलावा वे जल्द ही फिल्म देवरा: पार्ट1 में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ जूनियर एनटीआर भी लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए वह तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म को दो पार्ट्स में बनाने की तैयारी है। उम्मीद है कि इस फिल्म के दूसरे पार्ट की शूटिंग 2025 में शुरू होगी।



# खलबली रिकॉर्ड्स का हिस्सा बनने पर अनु मलिक को है गर्व

गायक अनु मलिक संगीत नाटक खलबली रिकॉर्ड्स में अपनी विशेष उपस्थिति के साथ पूरी तरह तैयार हैं। शो का हिस्सा बनने को लेकर उन्होंने खुलकर बात की। उन्होंने साझा किया कि उन्हें इस शो में काम करके कैसा लगा? इस शो को देवांशु सिंह ने निर्देशित किया है। गानों के धुन को अमित त्रिवेदी ने तैयार किया है। आइए जानते हैं अनु मलिक ने आगामी वेब शो को लेकर क्या कहा? इस शो में राम कपूर, स्कंद ठाकुर, सलोनी बत्रा, सलोनी पटेल और पंजाबी रैपर प्रभा दीप शामिल हैं। सीरीज में इंडस्ट्री के 30 से 35 संगीतकारों का सबसे बड़ा समूह भी शामिल है, जिसमें रेखा भारद्वाज, अमित त्रिवेदी, नीति मोहन, अनु मलिक, शाहिद माल्या अभिजीत सावंत और अन्य मशहूर कलाकार शामिल हैं। खलबली रिकॉर्ड्स संगीत निर्माता राघव के सफर को दिखाता है, जो अपने पिता के प्रतिष्ठित रिकॉर्ड लेबल, गैलेक्सी रिकॉर्ड्स में काम करने वाला एक प्रतिभाशाली संगीत निर्माता है।' एक दुखद घटना के बाद उसकी दुनिया हिल जाती है। पिता की कंपनी में चीजें ठीक ना हो पाने की वजह से राघव एक नया रिकॉर्ड लेबल बनाने की ठानता है, लेकिन उनके रास्ते में बहुत सारी कठिनाई सामने आती है। खलबली रिकॉर्ड्स का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए अनु मलिक ने कहा, 'खलबली रिकॉर्ड्स' पर्दे पर एक खलबली मचाने के लिए तैयार है। यह एक शो से कहीं ज्यादा है। अब तक के सबसे बड़े म्यूजिक ड्रामा में से एक, यह इंडस्ट्री में सबसे बड़े और सबसे पसंदीदा नामों को एक साथ लाता है।



# आम आदमी की आवाज बनना चाहते हैं विक्रांत मैसी, 'सेक्टर 36' करने से लोगों ने किया था मना

विक्रांत मैसी अपनी आगामी फिल्म 'सेक्टर 36' के प्रमोशन में लगे हुए हैं। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित फिल्म का ट्रेलर 5 सितंबर को रिलीज किया गया है। 'सेक्टर 36' में विक्रांत काफी खतरनाक किरदार निभाते हुए नजर आ रहे हैं। रोंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर को प्रशंसकों से काफी सराहना भी मिल रही है। अभिनेता विक्रांत मैसी का लक्ष्य दुनिया को अलग-अलग कहानियां बताना है। वह खास तौर पर ऐसे किरदार निभाना चाहते हैं जो आम आदमी का प्रतिनिधित्व करते हों। मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'सेक्टर 36' के प्रमोशन के दौरान विक्रांत ने एएनआई बातचीत में कहा, 'मैं एक ही तरह का कंटेंट करके खुद को सीमित नहीं रखना चाहता। एक अभिनेता के रूप में, अलग-अलग कहानियों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करना मेरी जिम्मेदारी है। तलाशने के लिए बहुत कुछ है और मैं हर तरह की कहानी बताना चाहता हूँ। मैं अपने काम से अपने दर्शकों को प्रेरित करना चाहता हूं। मैं आम आदमी की आवाज बनना चाहता हूं।'

बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि कैसे कुछ लोगों ने उन्हें '12वीं फेल' की व्यावसायिक सफलता के बाद 'सेक्टर 36' न करने की सलाह दी थी। 'सेक्टर 36' एक क्राइम थ्रिलर है। यह दो लोगों की कहानी है जो हमारे समाज का हिस्सा हैं, लेकिन अलग-अलग सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं। उनकी अलग-अलग विचारधाराएं हैं। कई लोगों ने मुझे यह प्रोजेक्ट न करने की सलाह दी, क्योंकि मैं इसमें ग्रे किरदार निभा रहा हूं। लेकिन मैं इस पर विश्वास नहीं करता। कुछ कहानियां बताई जानी जरूरी होती हैं और यह उनमें से एक है' दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो ने मिलकर इस फिल्म को बनाया है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म 13 सितंबर को नेटफिलक्स पर रिलीज होगी। 'सेक्टर 36' आदित्य निंबालकर की निर्देशन में बनी पहली फिल्म होगी।

विक्रांत की आगामी फिल्म 'सेक्टर 36' सच्ची घटनाओं से प्रेरित, सेक्टर 36 एक स्थानीय झुग्गी बस्ती से कई बच्चों के लापता होने की कहानी है, जिसमें एक स्थानीय पुलिस अधिकारी घटनाओं से एक चौंकाने वाला सच उजागर करता है। सेक्टर 36 सत्ता, अपराध और सामाजिक असमानता के विषयों की पड़ताल करता है। फिल्म एक पुलिस अधिकारी की एक चालाक सीरियल किलर से भिड़ंत की कहानी है। यह एक खौफनाक जांच प्रक्रिया से कई रहस्यों को उजागर करती है।



# टेलीविजन का चमकता सितारा हैं रीम शेख

रीम शेख एक भारतीय टेलिविनजन अभिनेत्री हैं। अभिनेत्री 'ये रिश्ता क्या कहलाता है , 'ना बोले तुम ना मैंने कुछ कहा' , 'चक्रवर्ती अशोक सम्राट' , 'तुझसे है राब्ता' , 'इश्क में मरजावां' और तेरे इश्क में घायल जैसे धारावाहिकों में काम करने के लिए पहचानी जाती हैं। रीम शेख अपना 22वां जन्मदिन मना रही हैं। शेख ने 6 साल की उम्र में 'नीर भरे तेरे नैना' देवी से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की थी। अभिनेत्री ने साल 2019 में लीड रोल में डेब्यू के लिए गोल्ड अवार्ड भी जीता। रीम शेख ने'रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी और 'तितलियों' जैसी वेब सीरीज में भी काम किया है।

# किआरा आडवाणी की अगली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग टली



किआरा आडवाणी जल्द ही फिल्म डॉन 3 में दिखाई देंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणवीर सिंह भी लीड रोल में दिखाई देंगे। यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में है। अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार... डॉन 3 की शूटिंग टल गई है। खबरें थीं कि फिल्म की शूटिंग इसी साल अगस्त के महीने में शुरू हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। डॉन 3 की शूटिंग अगले साल मई तक खिसका दी गई है। कहा जा रहा है कि फिल्म के निर्देशक फरहान अख्तर अपनी फिल्म 120 बहादुर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस कारण उन्होंने डॉन 3 की शूटिंग के शेड्यूल को आगे बढ़ा दिया है। चर्चा है कि इमरान हाशमी इसमें विलन का किरदार निभाएंगे।



# लगातार फ्लॉप के बावजूद भी नहीं उठा अक्षय से निर्माताओं का भरोसा, कई फिल्मों में आएंगे नजर

**अक्षय कुमार बॉलीवुड के सबसे फिट और मेहनती अभिनेताओं में से एक हैं। अक्षय हर साल लगातार कई फिल्में करते हैं, चाहें फिर वह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चले या फिर ना चले, क्योंकि उनका मानना है कि वह फिल्म करते रहेंगे क्योंकि उनके प्रशंसकों को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है।**

अक्षय की इस साल कई फिल्मों में नजर आए, जिनमें सरफिरा, बड़े मियां छोटे मियां और हाल ही में रिलीज हुई खेल खेल में शामिल हैं, लेकिन अफसोस की बात की उनकी कोई फिल्म भी इस साल बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। लेकिन अक्षय के प्रशंसकों को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि अक्षय जल्द ही कई और फिल्मों में एक्शन और कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आएंगे।

## हॉउसफुल 5

सबसे पहले बात करते हैं अक्षय कुमार की आगामी बहुचर्चित कॉमेडी फिल्म हॉउसफुल 5 की। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर की थी। इस फिल्म में अक्षय एक बार फिर से कॉमेडी का जबर्दस्त तड़का लगाते नजर आएंगे, जैसा कि इस फिल्म के पहले सभी पार्ट्स में आपने देखा होगा। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है।

## 'वेलकम टू द जंगल'

'वेलकम' फेंचाइजी की मोस्ट अवेटेड तीसरी इंस्टॉलमेंट 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। यह हर बार की तरह की मल्टी स्टारर फिल्म है। इस फिल्म के पहले पोस्टर रिलीज के बाद से ही फैंस इसे जुड़े हर अपडेट जानने के लिए काफी बेसब्र रहते हैं। 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर फैंस को काफी उम्मीदें हैं।

## स्काई फोर्स

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हेरा फेरी 3 में भी अक्षय नजर आएंगे। इस फिल्म हर बार की तरह भरपूर कॉमेडी देखने को मिलेगी। फिल्म में अक्षय के अलावा कई सेलेब्स के होने की पूरी उम्मीद है। इसके अलावा अक्षय फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी में भी अक्षय नजर आ सकते हैं। अक्षय ने हाल ही में एक नया हॉरर फिल्म का पोस्टर अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसके बारे में पूरा खुलासा उनके आने वाले जन्मदिन के दिन होगा। 9 सितंबर को अक्षय कुमार अपना 57वां जन्मदिन मनाएंगे। जैसा की इन दिनों ट्रेंड है कि स्टार के जन्मदिन पर ही फिल्म निर्माता तोहफे के रूप में उनकी आगामी फिल्म का पोस्टर साझा करते हैं। ऐसा ही कुछ अक्षय कुमार की आगामी हॉरर फिल्म को लेकर होगा। बहरहाल, फिल्म का मोशन टीजर साझा किया गया है। एक्टर ने अभी तक अपनी फिल्म के नाम का ऐलान नहीं किया है।

# अनन्या पांडे को पसंद नहीं थी अपनी इस फिल्म की स्क्रिप्ट

अनन्या पांडे ने वेब सीरीज कॉल मी बे से अपना ओटीटी डेब्यू कर लिया है। इस सीरीज को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही है। अनन्या पांडे ने एक बार ऐसी फिल्म में भी काम किया था, जिसकी स्क्रिप्ट उन्हें पसंद ही नहीं आई थी। उस फिल्म का नाम है- लाइगर, जिसमें विजय देवरकोंडा ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई थी। अनन्या पांडे ने खुद एक साक्षात्कार में बताया था कि उन्हें इसके संवाद ठीक नहीं लगे थे और कुछ चीजें ऐसी भी थी, जिन्हें अनन्या महिला होने के नाते बोलना नहीं चाहती थीं, जिसके बाद उन्हें बदला भी गया था। अनन्या पांडे जल्द ही सीटीआरएल फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी ने किया है।



# दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों में एप्पल पहले स्थान पर

**टॉप-10 कंपनियों में ज्यादातर कंपनियां अमेरिका की हैं ▶▶ फोर्ब्स की इस लिस्ट में टॉप-10 में भारत की कोई भी कंपनी नहीं है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भी दुनिया के सबसे अमीर लोगों का नाम आता है तो उसमें एलन मस्क, जेफ बेजोस, मार्क जकरबर्ग, मुकेश अंबानी, गौतम अडानी आदि का नाम आता है। लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि दुनिया की सबसे ज्यादा मार्केट कैप वाली कंपनियों के मालिक इनमें से बहुत कम हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स की कंपनी का मार्केट कैप टॉप 10 कंपनियों में भी नहीं है। बात जब भी दुनिया की टॉप-10 कंपनियों की आती है तो उनमें अमेरिका का नाम सामने आता है। ठीक उसी प्रकार जैसे दुनिया के टॉप-10 सबसे अमीर लोगों में भी अमेरिकी ही छाए हुए हैं।



### 10 में से 8 कंपनियां अमेरिका की

फोर्ब्स के मुताबिक सबसे ज्यादा मार्केट कैप के मामले में दुनिया की टॉप-10 कंपनियों में टॉप-5 कंपनियां अमेरिका की हैं। हालांकि टॉप-10 में तीन और कंपनियां अमेरिका की हैं। इस प्रकार मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में 8 कंपनियां अमेरिका की हैं। ऐसे में कह सकते हैं कि दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों में अमेरिका पहले स्थान पर है। अब आप सोचेंगे कि टॉप-10 में क्या भारत की कोई कंपनी नहीं है? तो आप सही सोच रहे हैं। फोर्ब्स की लिस्ट में टॉप-10 मूल्यवान कंपनियों में भारत से कोई भी कंपनी नहीं है।

### टॉप-5 में ये कंपनियां हैं शामिल

फोर्ब्स की लिस्ट के मुताबिक टॉप-10 में से टॉप-5 कंपनियां अमेरिका की हैं। इसमें पहले नंबर पर एप्पल है। आईफोन समेत कई गैजेट्स बनाने वाली यह कंपनी टेक्नॉलजी सेक्टर में काम करती है। इस कंपनी का इस कंपनी का मार्केट कैप 3.36 लाख करोड़ डॉलर है। वहीं दूसरे नंबर पर बिल गेट्स की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट है। यह कंपनी भी टेक्नॉलजी सेक्टर से जुड़ी है। इसका मार्केट कैप करीब 3 लाख करोड़ डॉलर है। तीसरे नंबर पर ब्लू चिप बनाने वाली कंपनी एविडिया है। इसका मार्केट कैप 2.63 लाख करोड़ डॉलर है। चौथे नंबर पर एल्फोबेट्स (गूगल) है। इसका मार्केट कैप 1.94 लाख करोड़ डॉलर है। 5वें नंबर पर ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन है। इसका मार्केट कैप 1.87 लाख करोड़ डॉलर है।

### टॉप-10 में इस देश की कंपनियां भी शामिल

टॉप-10 कंपनियों में 8 अमेरिका की कंपनी हैं। बाकी दो कंपनियां दूसरे देश की हैं। 6वें नंबर पर सऊदी अरब की कंपनी सऊदी अरामको है। यह कंपनी ऑइल और गैस सेक्टर से जुड़ी है। इसका मार्केट कैप 1.77 लाख करोड़ डॉलर है। 9वें नंबर पर टीएसएसी कंपनी है। सेमीकंडक्टर सेक्टर से जुड़ी यह कंपनी ताइवान की है। इसका मार्केट कैप 849 अरब डॉलर है।

### भारत की कंपनियां कहां है?

दुनिया की सबसे मूल्यवान टॉप-10 कंपनियों में भारत से कोई भी कंपनी नहीं है। दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों में भारत से पहला स्थान मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का है। हालांकि दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों में यह 46वें स्थान पर है। इस कंपनी का मार्केट कैप 19.82 लाख करोड़ रुपये है। इसके बाद ञष्टस् का नंबर आता है। यह भारत की दूसरी और दुनिया की 64वीं सबसे मूल्यवान कंपनी है। इसका मार्केट कैप 16.20 लाख करोड़ रुपये है।

## अडानी ने बनाई नई कंपनी, अब चीन में बजेगा डंका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह ने सप्लाई चेन सॉल्यूशन और परियोजना मैनेजमेंट सेवाएं देने के लिए चीन में एक सब्सिडियरी कंपनी बनाई है। समूह ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि सिंगापुर स्थित उसकी सब्सिडियरी कंपनी की सब्सिडियरी ने दो सितंबर, 2024 को चीन के शंघाई में स्थित एक पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी अडानी एनर्जी रिसोर्सेज (शंघाई) कंपनी (एईआरसीएल) का गठन किया है। कंपनी ने, एईआरसीएल का गठन आपूर्ति श्रृंखला समाधान और परियोजना प्रबंधन सेवाएं देने का व्यवसाय करने के लिए किया गया है। इस सहायक कंपनी को अडानी ग्लोबल पीटीई (एजीपीटीई), सिंगापुर ने गठित किया है, जो अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी है। एईएल खनन, सड़क, हवाई अड्डे, डेटा सेंटर और जल अवसंरचना व्यवसाय से जुड़ी है। सूचना के अनुसार, एईआरसीएल को दो सितंबर, 2024 को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के कंपनी कानून के तहत गठित और पंजीकृत किया गया है। एईआरसीएल ने अभी तक अपना व्यावसायिक संचालन शुरू नहीं किया है। बता दें कि हाल ही में खबर मिली है कि अडानी समूह इजराइल की एक कंपनी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में कुल 83,947 करोड़ रुपये (10 अरब डॉलर) के निवेश से एक सेमीकंडक्टर विनिर्माण प्लांट लगाने जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने उच्च-प्रौद्योगिकी वाली चार विशाल परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिनमें अदाणी समूह की टावर सेमीकंडक्टर के साथ साझेदारी वाली परियोजना भी शामिल है। इन परियोजनाओं में कुल 1.17 लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और करीब 29,000 रोजगार अवसरों का सृजन होगा।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने ओटीएस को दी मंजूरी, पीसी ज्वैलर के शेयर उछले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीसी ज्वैलर के लिए राहतभरी खबर है। कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने बकाया के एकमुश्त निपटान यानी को मंजूरी दे दी है। इस खबर के बाद पीसी ज्वैलर का शेयर आज सुबह के कारोबार में करीब 5 प्रतिशत उछलकर 129.26 रुपये पर पहुंच गया। यह तेज तेजी कंपनी द्वारा रविवार को यह घोषणा करने के बाद आई है। रेगुलेटरी फाइलिंग में पीसी ज्वेलर ने बताया कि कोटक महिंद्रा बैंक ने 7 सितंबर, 2024 को एक ई-मेल के माध्यम से, कंपनी द्वारा प्रस्तुत वन टाइम सेटलमेंट प्रस्ताव की स्वीकृति से अवगत कराया है।

# 2.36 लाख करोड़ के निवेश से भारत में लगेंगे 6 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, लाखों को मिलेगा रोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल तेजी से आकार ले रही है। वैश्विक और घरेलू कंपनियों द्वारा इस सेक्टर में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। अब तक देश में 6 सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लाट्स को मंजूरी मिल चुकी है, जिसमें करीब 2.36 लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत कंपनियों को सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने पर 50 प्रतिशत पूंजीगत सहायता प्रदान की जा रही है। जानकारों का मानना है कि भारत के सेमीकंडक्टर हब बनने से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा।



### प्रमुख सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पनवेल में अडानी ग्रुप और इजराइली कंपनी टावर सेमीकंडक्टर का 83,947 करोड़ रुपए का सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है। पहले चरण में इसकी उत्पादन क्षमता 40,000 वेफर्स प्रति माह होगी और दूसरे चरण में यह 80,000 वेफर्स तक पहुंच जाएगी।

अमेरिका की माइक्रोन कंपनी गुजरात के साणंद जिले में 23,000 करोड़ रुपए के निवेश से भारत का पहला ओएसएटी प्लांट बना रही है। यहां डीआरएएम और एनएएनडी उत्पादों की असेंबली और टेस्टिंग की जाएगी। यह प्लांट 2025 के मध्य तक काम शुरू कर सकता है।

टाटा ग्रुप और ताइवान की पीएसएमसी कंपनी मिलकर गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपए का सेमीकंडक्टर फैब बना रहे हैं। इसकी उत्पादन क्षमता 50,000 वेफर्स प्रति महीने होगी और 2026 तक यह काम करना शुरू कर देगा।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम के जगीरोड, मोरीगांव में 27,000 करोड़ रुपए के निवेश से ग्रीनफील्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्टिंग सुविधा स्थापित कर रही है। यह उत्तर-पूर्व भारत का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट होगा।

सीजी पावर, जापान की रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स और थाईलैंड की स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर गुजरात के साणंद में 7,600 करोड़ रुपए के निवेश से ओएसएटी प्लांट बना रही है। इसमें 5जी तकनीक और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए सेमीकंडक्टर बनाए जाएंगे।

कायन्स सेमीकॉन गुजरात के साणंद में 3,307 करोड़ रुपए के निवेश से ओएसएटी प्लांट स्थापित कर रही है, जिसमें प्रतिदिन 63 लाख चिप बनाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट को हाल ही में कैबिनेट से मंजूरी मिली है।

इन निवेशों से भारत को सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है, जिससे देश की तकनीकी क्षमता में बड़ा सुधार होगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## 2 साल में 1400 प्रतिशत चढ़ गया यह छोटकू शेयर, इस दिग्गज ने खरीदे हैं 2100000 शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयर सोमवार को 9 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 845.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई के बिल्कुल करीब हैं। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों में पिछले 2 साल में 1400 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। दिग्गज निवेशक आशीष कचौलिया ने बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज पर बड़ा दांव लगाया हुआ है। कचौलिया के पास बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के 21 लाख से ज्यादा शेयर हैं। 2 साल में 1400 प्रतिशत से अधिक उछल गए कंपनी के शेयर



बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयर 2 सितंबर 2022 को 55.75 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 9 सितंबर 2024 को 845.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 2 साल में स्मॉलकैप कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों में 1415 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। अगर किसी व्यक्ति ने 2 सितंबर 2022 को बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू 15.16 लाख रुपये होती। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों में पिछले एक साल में 315 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर 11 सितंबर 2023 को 203.65 रुपये पर थे। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयर 9 सितंबर 2024 को 845.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों में 240 पर्सेंट का उछाल आया है। इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2024 को कंपनी के शेयर 247.60 रुपये पर थे, जो कि 9 सितंबर 2024 को 845 रुपये के पार पहुंच गए हैं। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 849.25 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 154.55 रुपये है।

# अल्पेश रावल ने पीबीपार्टनर्स के साथ अपनी प्रोफेशनल क्षमता का विकास कर सफलता प्राप्त की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस ब्रोकर के प्रतिष्ठित ब्रांड, पीबीपार्टनर्स की स्थापना टियर 2 और टियर 3 शहरों में बीमा जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। पीबीपार्टनर्स ने 200,000 से अधिक एजेंट पार्टनर्स को वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद की है। अल्पेश रावल की कहानी इस सफलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो पीबीपार्टनर्स द्वारा प्रदान किए गए अवसरों और सहयोग को दर्शाती है। अल्पेश रावल ने छः महीने पहले पीबीपार्टनर्स के साथ काम करना शुरू किया था। अल्पेश ने बताया, ''पीबीपार्टनर्स ने एक यूनिफाईड प्लेटफॉर्म द्वारा अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं और पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित कर दिया है। तुरंत तुलना करने के विकल्प से न केवल मेरा काम सरल हुआ है बल्कि मेरे ग्राहकों के अनुभव में भी सुधार आया है।

### आय में 10 से 15 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि

पीबीपार्टनर्स से जुड़ने के बाद अल्पेश की आय में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, ''पीबीपार्टनर्स के साथ जुड़ने के बाद मुझे तेजी से वित्तीय सफलता मिली। एजेंट पार्टनर्स के लिए उनके सहयोगपूर्ण वातावरण, शानदार वित्तीय प्रोत्साहन/कमीशन, और अनुकूल संस्कृति ने मेरा काम आसान बना दिया और मेरी आय में काफी ज्यादा वृद्धि कर दी।'' पीबीपार्टनर्स ने चार महीने पहले क्लेम प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए एक समर्पित क्लेम टीम का गठन किया। इस बारे में अल्पेश ने बताया, ''पीबीपार्टनर्स के सहयोग से क्लेम का प्रबंधन करने का मेरा दृष्टिकोण बदल गया। टीम की स्पष्टता और प्रभावशीलता ने क्लेम मैनेजमेंट में जटिल और मुश्किल काम को बहुत आसान और व्यवस्थित बना दिया। क्लेम टीम ग्राहकों से आवश्यक दस्तावेज एकत्रित करती है और देरी किए बिना समय पर क्लेम की प्रक्रिया पूरी करती है। यदि क्लेम अस्वीकृत होता है, तो उसका स्पष्ट और वैध विवरण ग्राहकों को दिया जाता है।''

### रिलेशनशिप मैनेजर का सहयोग व मार्गदर्शन

अपने अनुभव के बारे में अल्पेश ने कहा, ''पीबीपार्टनर्स में अनुभवी एजेंट पार्टनर और रिलेशनशिप मैनेजर नए एजेंट पार्टनर की मदद करते हैं। उन्हें आवश्यक जानकारी और सहायता प्रदान करते हैं। कंपनी के सहयोग और सुविधाओं से मुझे ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचने और बेहतर सेवाएं देने में मदद मिली है। वर्तमान में मैं रोज कई ग्राहकों को सेवाएं दे पा रहा हूँ। रिलेशनशिप मैनेजर के इस सहयोग से इस क्षेत्र में मेरी प्रतिष्ठा बढ़ी है।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से रेलवे ऑर्डर प्राप्त किया

**हैदराबाद , एजेंसी।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड जो एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और निर्माण में एक वैश्विक लीडर है, ने घोषणा की है कि उसे पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 14 स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज प्रदान करने के संबंध में टेलीकॉम सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। इससे पहले, उत्तरी रेलवे जोन के लखनऊ डिवीजन से पीआरजी, पीवाईजीएस और पीएफएम स्टेशनों पर महाकुंभ-2025 के साथ एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली प्रदान करने के लिए स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ था ।

हाल ही में, कंपनी ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शानदार कमाई की सूचना दी। 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने अपने परिचालन से राजस्व रु. 1071.46 लाख, जो साल दर साल 53 प्रतिशत की वृद्धि है। ईबीडीटा साल दर साल 32 प्रतिशत बढ़कर रु. 212.26 लाख से रु. 281.24 लाख। पीएटी में साल दर साल 59 प्रतिशत की वृद्धि हुई, रु. 123.60 लाख से रु. 196.52 लाख। पीएटी मार्जिन 17.98 प्रतिशत पर दर्ज किया गया, जो साल दर साल 45 बीपीएस की वृद्धि दर्ज कर रहा है। कंपनी ने पहले भी घोषणा की है कि उसने जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) आधारित पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीए), यात्री सूचना प्रणाली (पीआईएस) (पीएपीआईएस) और एलईडी डेस्टिनेशन बोर्ड विकसित किए हैं, जो नए और मौजूदा एलएचबी/आईसीएफ प्रकार एसी और गैर एसी कोच, जिसमें पेंट्री कार और पावर कार भी शामिल हैं, के अनुसार अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) स्पेक नंबर आरडीएसओ/सीजी-18001 (रेव.2) और क्षमता सह क्षमता मूल्यांकन (सीसीए) के लिए आवेदन किया है। इससे पहले, रेलवे मंत्रालय ने ईओजी टाइप एलएचबी एसी और एनएसी कोच के लिए आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था के लिए कंपनी के क्षमता सह क्षमता मूल्यांकन को मंजूरी दी थी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की कि उसने अपना क्यूआईपी इश्यू बंद कर दिया है, और बोर्ड ने ? 46 प्रति शेयर के इश्यू मूल्य पर पात्र योग्य संस्थागत खरीदारों को 1,95,65,217 इक्विटी शेयर जारी करने और आवंटन को मंजूरी दी।

# रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के बोर्ड ने 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक का धन जुटाने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसईः 539561), जो एपीआई इंटरमीडिएट्स (केएसएम और सीआरएम) और एपीआई व्यापार के लिए आवश्यक अन्य कच्चे माल के व्यापार में लगी हुई है, ने घोषणा की है कि कि इसके बोर्ड ने फ़ॉरेन करन्सी कन्वर्टबल बॉन्ड, प्राइवेट प्लेसमेंट , राइट इश्यू, फॉलो ऑन पब्लिक ऑफरिंग, क्यूआईपी, ग्लोबल डिपाज़िटरी रिसीपटस (जीडीआर) अमेरिकन डिपाज़िटरी रिसीपटस (एडीआर), या किसी अन्य किसी भी अनुमत तरीके या इनके संयोजन के माध्यम से 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक का धन जुटाने के लिए मंजूरी दी है, जैसा कि उचित समझा जा सकता है, लागू होने पर शेयरधारकों की मंजूरी और कानूनी औपचारिकताओं पर अधीन है।

इससे पहले, कंपनी ने 29 जुलाई, 2024 से प्रभावी होने के लिए यूके के एंजेल पार्टनर्स, लिमिटेड के साथ भारत में लिथियम कार्बोनेट बनाने के लिए तकनीक हासिल करने के लिए एक रणनीतिक समझौता किया था। कंपनी ने उसी तारीख से प्रभावी होने के लिए तुर्की के अल्फा केमिकल्स एंड सॉल्वेंट्स लिमिटेड के साथ एक वार्षिक आपूर्ति समझौता भी किया। तकनीकी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट की आपूर्ति जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में शुरू होगी। ष्टङ्घ 2025 के लिए आपूर्ति का मूल्य 20-25 मिलियन अमेरिकन डॉलर है। तकनीकी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों और पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए लिथियम-आयन बैटरी में किया जाता है। रेमेडियम ने एंजेल पार्टनर्स, लिमिटेड से तकनीक का उपयोग करके तकनीकी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट का उत्पादन करने के लिए विभिन्न अनुबंध निर्माताओं के साथ साझेदारी की है।

रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड, जो एपीआई इंटरमीडिएट्स (केएसएम और सीआरएम) और एपीआई व्यापार के लिए आवश्यक अन्य कच्चे माल के व्यापार में लगी हुई है, ने एमिनो आइसोफथैलिक एसिड, टेल्यूरियम ऑक्साइड, ग्रीग्नार्ड अभिकर्मक, आयोडीन, सेलेनियम धातु पाउडर, ट्राइमेथिल सल्फोक्सोनियम आयोडाइड (टीएमएसआई) के व्यापार करके फार्मास्युटिकल और हेल्थकेयर क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन और उपस्थिति को मजबूत किया है। एक अग्रणी अनुबंध व्यापारी और उन्नत इंटरमीडिएट्स और एपीआई के ब्रांड मालिक के रूप में, रेमेडियम ने इंटरमीडिएट्स और एपीआई के व्यापार में अपना प्रतिमान स्थानांतरित कर दिया है।

अपने अध्यक्ष के आदर्श को दर्शाते हुए, जो चुपचाप कड़ी मेहनत करने और सफलता को शोर करने देने में विश्वास करते हैं, रेमेडियम अडिग गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित है। रेमेडियम ने लगातार ऐसे इंटरमीडिएट्स (केएसएम और सीआरएम) और एपीआई विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से उद्योग के बेंचमार्क को बढ़ाया है जो रोगियों और दुनिया भर के समाजों के लिए अद्वितीय मूल्य प्रदान करते हैं। विकसित होती मांगों के लिए तेजी से अनुकूलन करते हुए, कंपनी वैश्विक फार्मास्युटिकल उद्योग में सबसे तेजी से बढ़ती संगठनों में से एक के रूप में उभरी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

## भारत ने जापान को दी करारी हार, लगातार दूसरा मैच जीता



**हुलुनबुइर (चीन) (एजेंसी)।** सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य भारतीय गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी। मंगलवार को आराम का दिन है। छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग के बाद शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

## रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीता पुर्तगाल



**लंदन (एजेंसी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है।

गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

### पीसीबी से बोले गिलेस्पी और कर्स्टन

# कप्तानों को जल्दबाजी में बर्खास्त न करें




**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों और टेस्ट टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी ने देश के क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में हालिया खराब प्रदर्शन के बाद जल्दबाजी में कप्तान नहीं बदलने की सलाह दी है।

भारत में 2023 में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के राउंड रॉबिन दौर से बाहर होने के बाद बाबर आजम को सीमित ओवरों की कप्तानी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह लेने वाले शाहीन शाह अफरीदी को एक खराब श्रृंखला के बाद हटा दिया गया था। इसी तरह टेस्ट में बाबर के इस्तीफा देने के बाद, शान मसूद को कप्तान बनाया गया था, लेकिन बांग्लादेश से टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से हार के बाद उन्हें तुरंत बाहर करने की मांग उठ रही है।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि मसूद और बाबर की बर्खास्तगी के बारे में हालिया मीडिया अटकलें कयास से ज्यादा कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'कप्तानों को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह फैसला दोनों कोच और चयनकर्ताओं पर छोड़ दिया है। सूत्र ने कहा, 'कर्स्टन और गिलेस्पी बहुत स्पष्ट है कि शान और बाबर दोनों को उनकी नेतृत्व क्षमता का आकलन करने से पहले उचित समय दिए जाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि दोनों कोच कप्तानी में निरंतरता चाहते हैं और उन्होंने यह बात बोर्ड को साफ तौर पर बता दी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब बोर्ड इस महीने के अंत में लाहौर में 'क्रिकेट कनेक्शन नामक एक दिन की कार्यशाला आयोजित करेगा तो कप्तानी या टीम चयन पर चर्चा नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, 'वह कार्यशाला सभी हितधारकों, मुख्य रूप से घरेलू टीम के सभी कोच, चयनकर्ताओं और अनुबंधित खिलाड़ियों के विचारों को सुनने के लिए आयोजित की जा रही है ताकि बोर्ड घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मानकों के बीच अंतर को पाटने पर काम कर सके।

सूत्र ने यह भी बताया कि इस कार्यशाला में कर्स्टन भी मौजूद रहेंगे जबकि गिलेस्पी इसमें ऑनलाइन तरीके जुड़ेंगे। पीसीबी प्रमुख से कहा था कि सभी प्रारूपों में टीम से दीर्घकालिक परिणाम प्राप्त करने के लिए नीतियों में धैर्य और निरंतरता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'कार्यशाला मूल रूप से इसलिए आयोजित की जा रही है क्योंकि दोनों कोच चाहते हैं कि घरेलू टीम के कोच इस बात को अच्छी तरह से समझे कि राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए क्या जरूरी है।

यह पूछे जाने पर कि इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला और फिर देश में आयोजित होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए किसे कप्तान नियुक्त किया जाएगा, सूत्र ने कहा कि सफेद गेंद के प्रारूप में निरंतरता को बनाये रखते हुए शायद बाबर को ही जिम्मेदारी दी जाए।

# इटली के जैनिक सिनर ने जीता यूएस ओपन

### करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता; टेलर फ्रिट्ज को हराया



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने यूएस ओपन का मेंस सिंगल्स टाइटल जीत लिया है। इटैलियन स्टार ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया। वे यूएस ओपन जीतने वाले इटली के पहले पुरुष खिलाड़ी बने हैं। साल 2015 में इटली की फ्लाविया पैनेटा ने विमेंस सिंगल्स का टाइटल जीता था। 23 साल के सिनर ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता है। उन्होंने 2024 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन भी जीता था। सिनर ने जीत के बाद एक्स पर लिखा- शुक्रिया न्यूयॉर्क, 2 हफ्तों के शानदार प्रदर्शन के बाद यहां अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम जीतना विशेष रहा। समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद।

# भारतीयों को क्रिकेट के किसी भी रूप में ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत पसंद है: उस्मान ख्वाजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के करीब आने के साथ ही अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि भारतीय टीम को क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को हराने में बहुत खुशी मिलती है जबकि पिछले कुछ वर्षों में ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता और भी बढ़ गई है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में 2018/19 और 2020/21 में हुई पिछली दो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की है। मेहमान टीम 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पांच मैचों के टेस्ट दौरे में ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीत की हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखेगी, इसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में खेल होंगे। ख्वाजा ने कहा, हम पिछले दो सालों से दुनिया की नंबर एक और नंबर दो टीमें हैं। हम पिछली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में एक साथ थे। प्रतिद्वंद्विता हमेशा से बहुत बड़ी रही है। मैं इसे सम्मान के संकेत के रूप में लेता हूं और मुझे पता है कि भारतीयों को क्रिकेट के किसी भी रूप में ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत पसंद है।

उन्होंने कहा, और ऑस्ट्रेलिया की इतने सालों से विश्व क्रिकेट में हावी टीमों में से एक होने की परंपरा ने उस प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया है। मुझे लगता है, हां, भारतीयों के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराना हमेशा से ही रहा है। और हाल ही में, आप जानते हैं, भारत और आईपीएल के उदय और बाकी सब कुछ जो हुआ, उसके बाद से ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच भी यही हुआ है। खासकर तब से जब से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हराया है, जब से वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर आए हैं। इसका मतलब बस थोड़ा और है।

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड जो 2014/15 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा थे, ने कहा कि वह ट्रॉफी को वापस पाने के लिए उत्सुक हैं। हेजलवुड ने कहा, हां, शायद यही सबसे कठिन प्रतिद्वंद्विता है। भारत के खिलाफ खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है, और वे यहां की परिस्थितियों के इतने आदी हैं कि उन्हें यह पसंद है। आप जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में चुनौती बहुत बड़ी है। वे अपने शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी कर रहे हैं, चाहे कोई भी खेल रहा हो, उनके शीर्ष छह या सात अविश्वसनीय हैं। मैंने अपनी पहली सीरीज में उनके खिलाफ खेला, जाहिर है और हमने जीत हासिल की, शायद वह आखिरी बार था। बहुत से वही खिलाड़ी अभी भी खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि मैंने विराट को उस गेम में हराया था। उन्होंने कहा, तो हमारे बहुत से खिलाड़ी, मुझे लगता है, भारत को टेस्ट सीरीज में नहीं हरा पाए हैं। ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन जैसे खिलाड़ी खेल रहे थे, ऐसे ही लोग। तो, हां हमारे लिए आने वाला समर बहुत बड़ा है और उम्मीद है कि हम ट्रॉफी वापस पा लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज़ ऑलराउंडर मिशेल मार्श आगामी सीरीज को लंबे फॉर्मेट को आगे बढ़ाने के एक और मौके के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह सिर्फ क्रिकेट है जो दोनों टीमों के बीच खेला गया है। अगर आप इतिहास, हाल के इतिहास को देखें, तो हमने चीजें जीती हैं, उन्होंने चीजें जीती हैं। और मुझे लगता है कि जब यह इस तरह आगे-पीछे होता है, तो यह आपके भीतर प्रतिद्वंद्विता का निर्माण करता है। आप जानते हैं कि भारतीय टीम और हमारी टीम में बहुत अच्छी दोस्ती है, इसलिए कोई नफरत नहीं है। लेकिन यह मैदान पर एक शानदार प्रतिद्वंद्विता है, दोनों टीमें जीतना चाहती हैं। ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, यह क्रिकेट के खेल को आगे बढ़ाने का एक और अवसर है। ऐसा नहीं है कि क्रिकेट को भारत में बढ़ने की जरूरत है, बल्कि दुनिया भर में। लोग इन बड़ी सीरीज़ को देखते हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया की घोषणा

### पंत की 20 महीने बाद वापसी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। फिलहाल टीम पहले टेस्ट के लिए ही चुनी गई है। इसमें दलीप ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले ऋषभ पंत को भी जगह मिली है। टीम में यश दयाल की भी सरप्राइज एंट्री है। पंत और जुरेल यहां विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

बीसीसीआई ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारत की 16 सदस्यीय टीम का चयन कर लिया है। टेस्ट श्रृंखला 2024-25 के लिए भारत के अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत का प्रतीक होगी। भारत बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेलेगा और इसके लिए टीम का चयन बाद में किया जाएगा।

बांग्लादेश का भारत दौरा, 2024
पहला टेस्ट-19 से 23 सितंबर तक, चेन्नई में
दूसरा टेस्ट - 27 से 1 अक्तूबर तक, कानपुर में

### बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमरा, यश दयाल।

### इसलिए मिला पंत का मौका

भारतीय टीम ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच-पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों देशों के खिलाफ पंत का प्रदर्शन काफी अच्छा रहता है। भारत ने दो बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज जीती है इसमें पंत की मुख्य भूमिका रही है। वैसे भी वह उछाल वाली पिचों पर शानदार प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। पंत का दलीप ट्रॉफी में भी प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने पहली पारी में 7 ही रन बनाए थे क्योंकि शुभमन गिल ने मिड ऑफ पर उनका शानदार कैच लपका था लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 34 गेंदों पर ही अर्धशतक लगाकर अपनी मजबूत फार्म दिखा दी थी।

### तुषार देशपांडे ने धोनी की प्रेरक बातों को किया याद, कहा- ...

# तो यह अपने आप में एक उपलब्धि है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने एमएस धोनी के कुछ प्रेरणादायक शब्दों को साझा किया जिसने उन्हें 2023 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन से पहले प्रेरित किया। देशपांडे ने शुरुआत में संघर्ष करने के बाद सीएसके की पांचवीं खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे गेंदबाजी इकाई में उनकी स्थिति मजबूत हुई। 2023 सीजन के दौरान सीएसके को अपने तेज गेंदबाजी विभाग में एक महत्वपूर्ण चोट के संकट का सामना करना पड़ा, जिसमें बेन स्टोक्स, दीपक चाहर, सिसांडा मगाला, सिमरजीत सिंह और मुकेश चौधरी सभी गंभीर चोटों के कारण बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति में देशपांडे ने राजवर्धन हंगरगेकर, मथीशा पथिराना और आकाश सिंह जैसी युवा प्रतिभाओं के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। देशपांडे ने चुनौती का सामना किया और 16 मैचों में 9.92 की इकॉनमी रेट के साथ 21 विकेट लिए। देशपांडे ने आईपीएल 2023 की तैयारी के लिए आयोजित शिविर के दौरान चेपक में धोनी के साथ हुई एक प्रेरक बातचीत को याद किया।

देशपांडे ने कहा, आपके पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल होने के लिए सब कुछ है। लेकिन आपको अपने रन-अप के दौरान शांत रहना होगा। भीड़ से विचलित न हों। बस एक गहरी सांस लें, शांत रहें और गेंदबाजी करें। अगर माही आपको बताते हैं कि आपके पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल होने के लिए सब कुछ है, तो यह अपने आप में एक उपलब्धि है।

अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन के शुरुआती मैच में मिली हार के बावजूद धोनी ने उन्हें दृढ़ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। देशपांडे ने कहा, माही मेरे पास आए और कहा, तुमने कोई गलती नहीं की है। तुमने सभी अच्छी गेंदें फेंकी हैं। आज तुम्हारा दिन नहीं था। अगले मैच में भी यही दोहराओ।

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विकेट लेने की उनकी क्षमता महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने एक और उदाहरण का उल्लेख किया, जहां धोनी की सलाह ने उनके दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। धोनी ने उन्हें नेट्स में मैच सिमुलेशन के दौरान अपनी ताकत पर टिके रहने और खुद पर विश्वास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैं अच्छी यॉर्कर फेंक रहा था, लेकिन अचानक मैंने बाउंसर फेंका और 100 मीटर का छक्का लग गया। उन्होंने मुझसे पूछा, बाउंसर क्यों डाला? मैंने उनसे कहा कि मुझे लगा कि वह यॉर्कर की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने मुझसे कहा, दिमाग में क्रिकेट मत खेलो। यॉर्कर एक यॉर्कर है और कोई भी आपको हिट नहीं कर सकता।

उन्होंने बताया, वह मुझसे कह रहे थे कि हम वर्तमान में रहने के बजाय खेल से आगे खेलने की कोशिश करते रहें। दूसरी बात जो उन्होंने मुझसे कही वह है अपनी फिटनेस पर ध्यान देना, जो तेज गेंदबाजों के लिए महत्वपूर्ण है। देशपांडे ने जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे दौरे के दौरान राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया जहां उन्होंने 1-30 के आंकड़े दर्ज किए और अगले मैच के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया।

# विमेंस क्रिकेट टीम एनसीए के स्किल कैंप में हिस्सा लेगी

### वर्ल्ड कप से पहले 10 दिन की ट्रेनिंग, 24 सितंबर को यूएई के लिए रवाना होगी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए), बेंगलुरु में 10 दिन के स्किल कैंप में हिस्सा लेगी। हेड कोच अमोल मजूमदार 10 सितंबर से शुरू हो रहे इस कैंप की निगरानी करेंगे। अगले महीने यूएई में होने वाले विमेंस वर्ल्ड कप में भारत का पूरा स्क्वॉड यास्तिका भाटिया और श्रेयांका पाटिल जो चोट से उबार रहे हैं उनके साथ रिजर्व प्लेयर इसमें भाग लेंगे।

**यास्तिका, श्रेयांका चोट से ठीक हुए** – क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक विमेंस क्रिकेट टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया घुटने की चोट तो ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल फिंगर फ्रैक्चर से ठीक हो गए हैं। वो दोनों एनसीए में कल टीम को ज्वाइन करेंगे। यास्तिका को इसी साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में घुटने में चोट लगी थी, तब से वे एनसीए में अपना इलाज करवा रही हैं। वहीं श्रेयांका को हाल ही में हुए एशिया कप के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ बाएं हाथ में चोट लगी थी।

**इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी टीम** – वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए विमेंस टीम कुछ इंट्रा-स्क्वॉड गेम भी खेलेगी। जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के अलूर में खेला जाएगा। जहां लाइट की व्यवस्था न होने की वजह से भारतीय टीम को ये मैच में दिन में खेलने होंगे। जबकि 2020 वर्ल्ड कप के रनर-अप को 6 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच को छोड़कर, अपने चार ग्रुप ए खेलों में से 3 मैच रात को खेलने होंगे।बेंगलुरु के अलूर स्टेडियम में विमेंस टीम इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी।

**24 सितंबर को यूएई के लिए रवाना होगी टीम** – इंट्रा-स्क्वॉड मैच के बाद भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को 4 दिन का ब्रेक मिलेगा। जिसके बाद मुंबई एयरपोर्ट से यूएई के लिए रवाना होगी।

# तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड 156 पर ऑलआउट

### ● श्रीलंका ने दूसरी पारी के 15 ओवर में 94 रन बनाए ● निसांका की फिफ्टी; टारगेट- 219



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। इंग्लैंड दूसरी पारी में 156 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, टीम ने पहली पारी में 325 रन बनाए थे। श्रीलंका ने पहली पारी में 263 रन बनाए थे, इसलिए उन्हें 219 रन का टारगेट मिला। टीम ने तीसरे सेशन में 15 ओवर के बाद एक विकेट खोकर 94 रन बना लिए, उन्हें अब भी 125 रन की जरूरत है। जबकि उनके 9 विकेट बाकी हैं।

**तीसरे दिन श्रीलंका की शुरुआत खराब** – श्रीलंका ने तीसरे दिन 211/5 के स्कोर से अपनी पहली पारी आगे बढ़ाई। डी सिल्वा 64 और मेंडिस 54 रन बनाकर नॉटआउट लौटे थे। दोनों ज्यादा देर टिक नहीं सके, डी सिल्वा 69 और मेंडिस 64 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में मिलन रत्नायके 7, लहिरु कुमारा 5 और असिथा फर्नांडो भी 11 रन ही बना सके। विश्वा फर्नांडो खाता भी नहीं खोल सके। इंग्लैंड से डेब्यू कर रहे जोश हल और ओली स्टोन ने 3-3 विकेट लिए। क्रिस वोक्स को 2 और शोएब बशीर को 1 विकेट मिला। एक बैटर रन आउट भी हुआ।धनंजय डी सिल्वा ने श्रीलंका से सबसे ज्यादा 69 रन बनाए।

**इंग्लैंड ने 35 पर 2 विकेट गंवाए** – पहले सेशन में इंग्लैंड ने भी अपनी पहली पारी शुरू कर दी। टीम ने 7.4 ओवर में 35 रन के स्कोर पर ही 2 विकेट गंवा दिए। डैन लॉरेंस 20 रन बनाकर नॉटआउट लौटे, जबकि बेन डकेट और ओली पोप 7-7 रन बनाकर आउट हुए। असिथा फर्नांडो और लहिरु कुमारा को 1-1 विकेट मिला।

**दूसरे सेशन में इंग्लैंड ने गंवाए 6 विकेट** – इंग्लैंड ने 35/2 के स्कोर से दूसरे सेशन में खेलना शुरू किया। टीम ने 105 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए। एक समय टीम का स्कोर 82/7 हो गया था, यहां से जैमी स्मिथ ने 67 रन बनाए और टीम को 140 रन तक पहुंचाकर 202 रन की बढ़त दिलाई। इंग्लैंड से डैन लॉरेंस ने 35, जो रूट ने 12, हैरी ब्रूक ने 3 और गस एटकिंसन ने 1 रन बनाया। क्रिस वोक्स खाता भी नहीं खोल सके, जबकि ओली स्टोन 5 रन बनाकर नॉटआउट रहे।जैमी स्मिथ ने 67 रन बनाए।

**इंग्लैंड 156 रन बनाकर ऑलआउट** – तीसरे सेशन में इंग्लैंड ने 140/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 16 रन बनाने में ही आखिरी 2 विकेट गंवा दिए। ओली स्टोन ने 10, जोश हल ने 7 और शोएब बशीर ने 4 रन बनाए। श्रीलंका से लहिरु कुमारा ने 4 और विश्वा फर्नांडो ने 3 विकेट लिए। असिथा फर्नांडो को 2 और मिलन रत्नायके को 1 विकेट मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंकाई नौसेना ने भारत के 14 मछुआरों को किया गिरफ्तार



**चेन्नई, एजेंसी।** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना ने मछुआरों की नौकाओं को भी जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद मछुआरों के परिवारों और स्थानीय लोगों ने तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले के जेगथापट्टिनम में रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि मछुआरों को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया। मणिकांतन ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, हमारे भाइयों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया जा रहा है। जिससे अब मछली पकड़ने के लिए समुद्र में प्रवेश करने और अपनी आजीविका के नियमित साधनों को चलाने के बारे में मछुआरे चिंतित हैं। हमारे सामने गंभीर स्थिति पैदा हुई, लेकिन, राज्य और केंद्र सरकार ध्यान नहीं दे रही है। मछुआरों की तीन नौकाओं को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जब्त कर लिया गया था। भले ही मछुआरों को श्रीलंका में कुछ दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद रिहा कर दिया जाए, लेकिन हमारी नौकाओं को नहीं छोड़ा जाएगा। आगे नौकाओं को लंका सरकार द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 मछुआरों की गिरफ्तारी के विरोध में मछुआरे और उनके परिवार के सदस्य सड़कों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार मछुआरों में प्रदीप, रंजीत, प्रभाकरन और अजित शामिल हैं जो महादेवन की नाव पर थे। विश्व, आनंदराज, आनंदबाबू, कुबेंद्रन और शेखर जो सेंथिलकुमार की नाव पर थे, और मणिकंदन, मुथुकुमार, सेलाथम्बी, सेल्वम और सुरेश मणिकंदन की नाव पर थे। तमिलनाडु के तटीय पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को श्रीलंका के कांकेसंथुराई नौसैनिक अड्डे पर ले जाया गया। गौरतलब है कि तमिलनाडु के करीब 84 मछुआरे श्रीलंकाई अधिकारियों की हिरासत में हैं। गिरफ्तारियों के कारण तमिलनाडु के रामनाथपुरम, नागापट्टिनम और पुदुकोट्टई जैसे तटीय जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।

### घुटनों पर बैठ वरना; आधी रात नाइट क्लब पहुंचे बदमाश, ताबड़तोड़ चलाई गोली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सीमापुरी इलाके में नाइट क्लब के बाहर फायरिंग की खबर सामने आई है। बदमाशों ने ना सिर्फ यहां हवाई फायरिंग की बल्कि यहां के बाउंसरों को घुटनों पर बैठने के लिए भी मजबूर किया। इन बाउंसरों में एक महिला भी शामिल थी। घटना 5 सितंबर को रात 11.45 की बताई जा रही थी जहां हथियारों से लैस बदमाश आए और पिस्तौर लहराकर बाउंसर को घुटनों के बल बैठने के लिए कहा। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश नाइट क्लब पहुंचते हैं। इनमें से 4 बदमाश नाइट क्लब के अंदर जाते हैं जबकि एक बाहर खड़े होकर बाउंसरों को धमकाता नजर आता है और घुटनों पर बैठने के लिए कहता है। कुछ ही मिनटों बाद दो हमलावरों ने हवा में ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी और फिर वहां से फरार हो गए। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक यह बदमाश क्लब के मालिक को डराने धमकाने और उससे पैसे वसूलने के लिए आए थे। फरार होने से पहले उन्होंने 12 से ज्यादा बार हवा में गोलियां चलाई। रिपोर्ट के मुताबिक एक चश्मदीद ने बताया कि हमलावरों ने डर पैदा करने के लिए महिला बाउंसर के सिर पर बदूंक भी रखी थी। शुरुआती जांच के मुताबिक क्लब के मालिक ने हमलावरों को पैसे देने से इनकार कर दिया था इसलिए उन्होंने नाइट क्लब पर हमला किया। हालांकि टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक उन्हें फ्री एंट्री के लिए मना कर दिया गया था। इसलिए उन्होंने नाइट क्लब पर हमला किया। दो हमलावरों की पहचान तनिष उर्फ पहलवान और शाहरुख के रूप में की गई है।

# असम में जमीनों के सौदों पर कड़े होंगे प्रतिबंध, अवैध शरणार्थियों को किया जाएगा बाहर: हिमंत बिस्व सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को घोषणा की कि उनकी सरकार उन चुनिंदा राजस्व वृत्तों में भूमि लेनदेन पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून का मसौदा तैयार कर रही है जहाँ केवल राज्य में 1951 से रहने वाले निवासियों को भूमि खरीदने या बेचने की अनुमति होगी। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी लोगों के भूमि अधिकारों की रक्षा करना और पात्र भूमिहीन निवासियों को बसेरा उपलब्ध कराना है।

सीएम सरमा ने यह घोषणा असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक नागरिक-केंद्रित सेवा, ई-चिथा भूमि मूल्यांकन प्रमाणपत्र पोर्टल के शुभारंभ के दौरान की। उन्होंने कहा, हम उन राजस्व वृत्तों की पहचान करने की योजना बना रहे हैं जहाँ केवल उन व्यक्तियों द्वारा भूमि लेनदेन किया जा सकता है जिनके परिवार 1951 की मतदाता सूची या एनआरसी में सूचीबद्ध थे। कानून मार्च में पेश किए जाने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ने अविभाजित गोलपारा जिले में



अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग जैसे विशिष्ट समुदायों को लक्षित करने वाले इसी तरह के कानूनों का भी उल्लेख किया। इस जिले में वर्तमान में गोलपारा, धुबरी, बोंगाईगाँव, कोकराझार और दक्षिण सलमारा-मंकाचार जिले शामिल हैं। उन्होंने कहा, मिशन बसुंधरा के कार्यान्वयन के दौरान ऐसे कई कानून बनाए जाएंगे।

सरमा ने कहा, हम एक महत्वपूर्ण दौर में काम कर रहे हैं। हमारे कार्य निर्धारित करेंगे कि क्या हम एक समुदाय के रूप में जीवित रह सकते हैं। मुख्य कृषि भूमि की सुरक्षा के लिए एक नया कानून भी पाइपलाइन में है। एक अन्य संशोधन सरकार की सहमति के बिना गैर-चाय उत्पादन उद्देश्यों के लिए चाय भूमि बेचना दंडनीय अपराध बनाता है। यह असम समझौते के खंड 6 पर न्यायमूर्ति बिप्लब सरमा समिति की रिपोर्ट के अनुरूप है। भूमि से संबंधित अन्य सुधारों पर चर्चा करते हुए, सरमा ने घोषणा की कि मिशन बसुंधरा 3.0 2 अक्टूबर को लॉन्च होगा। नया संस्करण अपने पूर्ववर्तियों से प्राप्त सबक को शामिल करेगा और पिछले संस्करणों के तहत अस्वीकृत आवेदनों का समाधान करेगा। 2 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च किया गया पहला संस्करण, लगभग आठ लाख लोगों को लाभान्वित किया, जबकि 14 नवंबर, 2022 को शुरू किया गया दूसरा संस्करण, दो लाख से अधिक लाभार्थियों के पास था। मिशन बसुंधरा 3.0 में मंदिर, नामघर, युवा क्लब और श्मशान भूमि शामिल होंगे-वे क्षेत्र जो पहले के संस्करणों में शामिल नहीं थे जो व्यक्तिगत भूमि बस्तियों पर केंद्रित थे। गैर-कैडस्ट्रल गांवों के सर्वेक्षण लगभग पूरे हो चुके हैं और इस संस्करण में शामिल होंगे। सरमा ने राजस्व विभाग में समय पर मुद्दों के समाधान को सुनिश्चित करने के लिए एक एस्केलेशन मॉडल पेश किया। यदि एक अधिकारी द्वारा एक निश्चित समय सीमा के भीतर किसी मामले का समाधान नहीं किया जाता है, तो यह स्वचालित रूप से उच्च अधिकारी के पास चला जाएगा। उन्होंने कहा, सरकारी क्षेत्र में इस मॉडल को पेश करने में असम सबसे आगे है। ई-चिथा भूमि मूल्यांकन प्रमाणपत्र पोर्टल का उद्देश्य लोगों को भूमि स्वामित्व इतिहास की जाँच करने और रिकॉर्ड हेरफेर को रोकने की अनुमति देकर पारदर्शिता बढ़ाना है। इससे विशेष रूप से नई इकाइयाँ स्थापित करने वाले व्यापारिक घरों को लाभ होगा। सरमा ने भूमि संबंधी प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने और अधिकारियों के कामकाज को कम करने के लिए उठाए जा रहे विभिन्न अन्य कदमों का उल्लेख करते हुए अपना भाषण समाप्त किया।

## जो राम को लाये हैं गाने वाले कन्हैया मित्तल कांग्रेस में जा रहे हैं!



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के बीच भारतीय जनता पार्टी को एक और बड़ा झटका लग सकता है, क्योंकि मशहूर गायक कन्हैया मित्तल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं. बताया जा रहा है कि कन्हैया मित्तल टिकट न मिलने से नाराज हैं. उनका गाना 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' यूपी चुनाव के दौरान काफी चर्चित हुआ था. एक मीडिया चैनल से बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि क्या वे टिकट न मिलने से नाराज हैं. तब कन्हैया मित्तल ने कहा कि नाराजगी नहीं है, लेकिन उनका मन कांग्रेस की ओर झुक रहा है. उन्होंने कहा, मैंने पहले कभी किसी पार्टी के लिए काम नहीं किया, लेकिन अब मुझे लगता है कि मुझे कांग्रेस से जुड़ना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें लगा कि वे भी उनके समर्थन में कांग्रेस का साथ दे सकते हैं. अगर परिस्थितियां अनुकूल हुईं, तो वे कांग्रेस में शामिल होंगे. जब उनसे पूछा गया कि उनका गाना 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' बीजेपी के प्रचार में इस्तेमाल हुआ, और उन्होंने पहले कहा था कि कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को रोका, तो अब कांग्रेस में जाने का फैसला कैसे लिया? इस पर मित्तल ने कहा, मैंने कभी यह नहीं कहा कि सिर्फ बीजेपी ने राम मंदिर का निर्माण कराया.

## अरुणाचल में फिर बांग्लादेश से अवैध आव्रजन रोकने की मांग, आदिवासी संगठन ने किया विरोध

**इटानगर, एजेंसी।**
अरुणाचल प्रदेश में अब अवैध इमिग्रेशन को लेकर एक्शन पर सवाल उठ रहे हैं। एक आदिवासी संगठन ने रविवार को जारी एक बयान में कहा है कि राज्य में अवैध प्रवासियों की आमद को रोकने के लिए सरकार को इनर लाइन परमिट (आईएलपी) पर जांच को तेज करना चाहिए। इस प्रदर्शन, बढ़ती महंगाई, सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर भाजपा की सरकार के कार्यकाल को लेकर तंज कसा।




पिछले हफ्ते शनिवार को समुदाय आधारित संगठनों (सीबीओ) के साथ एक बैठक के दौरान, एआईटीएफ ने अवैध आव्रजन के सुरक्षा, जनसांख्यिकीय संतुलन और सामाजिक-आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और सामाजिक-राजनीतिक पहलुओं पर गंभीर प्रभावों पर चर्चा की। मंच ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में पकड़े गए अवैध यौन रैकेट को उजागर किया, जहाँ अवैध प्रवासियों की संलिप्तता की पुष्टि हुई थी। अरुणाचल आदिवासी जनजाति फोरम (एआईटीएफ), जो राज्य में समुदाय आधारित संगठनों का शीर्ष निकाय है, ने राजधानी क्षेत्र सहित अंतरराज्यीय सीमावर्ती जिलों में बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों की आमद पर गंभीर चिंता व्यक्त की। मंच ने सरकार से इस मुद्दे को तुरंत संबोधित करने का आह्वान किया।

सभी पूर्वोत्तर राज्य बांग्लादेश में राष्ट्रीय उथल-पुथल के कारण बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों के साथ समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस स्थिति ने बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय राज्यों में शरण लेने के लिए मजबूर कर दिया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश पड़ोसी राज्यों के निकट होने के कारण विशेष रूप से कमजोर लक्ष्य है।

एआईटीएफ अवैध आव्रजन को अरुणाचल प्रदेश के अस्तित्व के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा मानता है। मंच ने राज्य सरकार से संपर्क करने का फैसला किया, उससे इस मुद्दे को तुरंत संबोधित करने और असम और अन्य राज्यों के साथ अंतरराज्यीय सीमाओं पर सभी प्रवेश बिंदुओं पर सतर्कता बढ़ाने का आग्रह किया।

एआईटीएफ ने राज्य भर में आईएलपी की गहन जाँच करने का भी आह्वान किया, जिसमें अवैध प्रवासियों को प्रभावी ढंग से हटाने के लिए पर्याप्त बलों की तैनाती की गई। मंच ने जोर दिया कि आईएलपी जारी करने वाले अधिकारियों को परमिट जारी करने की प्रक्रिया के दौरान फुलप्रूफ तंत्र लागू करना चाहिए।

## सो रहा था व्यक्ति, नाक में घुस गया कॉकरोच; आगे जो हुआ उससे डॉक्टरों के भी उड़े होश

**बीजिंग , एजेंसी।** सोते वक्त एक व्यक्ति के नाक में कॉकरोच घुस गया। मगर उसे पता नहीं चला। जांच करने पर डॉक्टरों के होश उड़ गए। दरअसल, व्यक्ति को रात में अपनी नाक के भीतर कुछ रेंगता हुआ महसूस हुआ। इसके बाद उसे लगा कि उसके गले में कुछ घुसा है। इस वजह से उसे खांसी भी आने लगी। हालांकि अगले दिन उसे आराम मिल गया। मगर बाद में सांस से बदबू आने पर उसकी बेचैनी बढ़ गई। तीन दिन बाद भी यह बदबू नहीं थमी।

यह हैरतअंगेज मामला है चीन के हैनान प्रांत के हाइकोऊ का। 58 वर्षीय पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि बदबू के साथ उसे पीला थूक आने लगा। घबराया व्यक्ति तुरंत डॉक्टर के पास पहुंचा। उसने पहले हैनान अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ को दिखाया। मगर ऊपरी श्वसन नली की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक बदबू से बेचैन व्यक्ति ने इसके बाद अस्पताल में श्वसन और क्रिटिकल केयर फिजिशियन डॉ. लिन लिंग को दिखाया। छाती के सीटी स्कैन में डॉक्टरों ने पाया कि दाएं निचले लोब के पीछे के बेसल सेगमेंट में परछाई दिख रही है। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि कोई चीज कफ के साथ लिपटी है। कफ के साफ होने पर पता चला कि यह तो कॉकरोच है। डॉक्टरों ने श्वास नली से कॉकरोच को निकाला। कफ को साफ किया और नली की बार-बार सफाई की। अब व्यक्ति पूरी तरह से ठीक है। उसे अस्पताल से घर भी भेज दिया गया है। सांस से आने वाली बदबू भी खत्म हो गई है।

## 2036 तक चंद्रमा में होगा न्यूक्लियर पावर प्लांट! रूस रचेगा इतिहास, भारत और चीन भी देंगे साथ

**मास्को , एजेंसी।**
रूस चंद्रमा में न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाने जा रहा है। खास बात यह है कि इस परियोजना पर भारत भी रूस के साथ हाथ मिलाने को तैयार है। भारत ने रूस की इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर अपनी गहरी रुचि दिखाई है। रूस की इस परियोजना का उद्देश्य चंद्रमा में बनने वाले बेस को ऊर्जा की आपूर्ति करना है। खबर यह है कि रूस और भारत के साथ चीन भी इसमें शामिल होने को उत्सुक है।

**आधा मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन:** रूस की सरकारी परमाणु निगम रोसाटॉम इस परियोजना का नेतृत्व कर रहा है। चंद्रमा में बनने वाले पहले इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र से आधा मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा और यह बिजली चंद्रमा में बने बेस को भेजी जाएगी।

**2036 तक बन जाएगा प्लांट:** रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिखाचेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ-साथ इस परियोजना में चीन और भारत ने खासी रूचि दिखाई है। रूस की अंतरिक्ष



एजेंसी रोस्कोस्मोस ने एलान किया है कि चंद्रमा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने पर काम चल रहा है। रूस और चीन संयुक्त रूप से इस पर जुटे हैं। 2036 तक इसे चंद्रमा में स्थापित कर दिया जाएगा।

**भारत के लिए क्यों खास है यह प्लांट?:** चंद्रमा में बनने वाला रूस का पहला परमाणु संयंत्र भारत के लिए भी खास है। भारत की योजना 2040 तक इंसान को चंद्रमा में भेजने की है। ऐसे में यह प्लांट वहां उर्जा जरूरतों को पूरा कर सकता है। 2021 में रूस और चीन ने साझे तौर पर अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन बनाने की घोषणा की थी।

कहा जा रहा है कि यह स्टेशन 2035 और 2045 के बीच कभी भी शुरू हो सकता है। इस स्टेशन का उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान करना है। अधिकांश देश इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। मगर हो सकता है कि अमेरिका के कुछ सहयोगियों को इसका लाभ न मिले। ऐसे में रूस का सहयोगी होने के नाते भारत इसका फायदा उठा सकता है। बता दें कि भारत ने भी 2050 तक चंद्रमा में बेस स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

## अब सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होना होगा: तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने इस्लामिक देशों को एकजुट होने का संदेश दिया है। एर्दोगन ने ये अपील इजरायल के बढ़ते दबदबे को लेकर की है। उन्होंने कहा कि अगर इजरायल को रोकना है तो हमें एकजुट होना होगा।



इस्लामिक देशों का एक गठबंधन बनाना होगा

तुर्किये के राष्ट्रपति ने आगे कहा कि इजरायल के विस्तारवाद के बढ़ते खतरे के खिलाफ एक गठबंधन बनाना चाहिए, जिस पर इजरायल के विदेश मंत्री ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

दरअसल, ये सारा बवाल तब मचा जब ये आरोप लगाया गया कि इजरायली सैनिकों ने शुक्रवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाली एक तुर्किये-अमेरिकी महिला की हत्या कर दी। मिस्र और सीरिया के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिए तुर्किये ने हाल ही में जो कदम उठाए हैं, उनका उद्देश्य विस्तारवाद के बढ़ते खतरे के खिलाफ एकजुटता दिखाना है। दूसरी ओर इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने एक बयान में कहा कि एर्दोगन की टिप्पणी एक खतरनाक झूठ और उकसावे वाली है और तुर्किये के नेता क्षेत्र के उदारवादी अरब शासन को कमजोर करने के लिए ईरान के साथ वर्षों से काम कर रहे हैं।

# अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी पर घिरे बाइडन, रिपब्लिकन सांसद बोले- बात तक करने में रहे थे नाकामयाब

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी का मुद्दा एक बार फिर से गरमा गया है। लंबे समय से जिस रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था, उसे अब रिपब्लिकन सांसदों ने अमेरिकी संसद की निचली सदन में पेश कर दिया है। विपक्षी सांसदों ने रिपोर्ट जारी कर डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन की जमकर आलोचना की।

बता दें, अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी बेहद अफरा-तफरी में हुई थी। उस दौरान तालिबान ने वहां कब्जा जमा लिया था। अफगानिस्तान से अपनी वापसी को लेकर बाइडन प्रशासन को बार-बार आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।

अब रिपब्लिकन ने रिपोर्ट में तर्क दिया है कि प्रशासन ने गैर-लड़ाकों को निकालने का फैसला बहुत देर से लिया, औपचारिक रूप से इसका आदेश 16 अगस्त को दिया था। यहां तक कि अमेरिका और अफगानिस्तान के अधिकारियों के बीच बातचीत करने में तक नाकामयाब रहा। वहीं, देश छोड़ने के योग्य अफगान नागरिकों के प्रस्थान के लिए कागजी कार्रवाई में गड़बड़ी की गई।

यह रिपोर्ट एक शीर्ष हाउस रिपब्लिकन और हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में तीन साल तक की गई जांच का नतीजा है। इसमें कहा गया कि विश्व मंच पर अमेरिका की विश्वसनीयता को तब भारी नुकसान पहुंचा, जब हमने अफगान सहयोगियों को तालिबान के प्रतिशोध में हत्याओं के लिए छोड़ दिया। जबकि हमने अफगानिस्तान के लोगों की रक्षा का वादा किया था।

इतना ही नहीं रिपोर्ट में बाइडन प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया गया है। कहा गया कि अमेरिका के दिग्गजों और अभी भी सेवा करने वालों को नैतिक चोट इस प्रशासन की विरासत पर एक दाग बनी हुई है।

गौरतलब, अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। डेमोक्रेटिक की ओर से उम्मीदवार कमला हैरिस हैं, जबकि रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मैदान में उतारा गया है।



हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि बाइडन पहले डेमोक्रेट्स की ओर से चुनाव लड़ने वाले थे, लेकिन लगातार हो रहे विरोध के चलते उन्होंने अपने कदम पीछे ले लिए थे। उसके बाद से ही सियासत का पारा चरम पर है।

**ट्रंप करते रहे हैं हमला:** पिछले महीने रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप निकासी के दौरान मारे गए सैनिकों के सम्मान में एक समारोह में दिखाई दिए थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान भी अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को वापस बुलाने पर राष्ट्रपति बाइडन और उपराष्ट्रपति हैरिस पर हमला बोला। साथ हीकाबुल हवाईअड्डे के एबी गेट पर हुई मौतों के लिए इन लोगों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया। 2015 में तालिबान ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण कुंडूज के इलाके पर कब्जा कर फिर से वापसी के संकेत दे दिए। ये ऐसा वक्त था जब अमेरिका में सेनाओं की वापसी की मांग जोर पकड़ रही थी।. अफगानिस्तान से अमेरिका की रूचि कम होती गई और तालिबान मजबूत होता गया। इसी के साथ पाकिस्तानी आतंकी संगठनों, पाकिस्तान की सेना और आईएसआई की खुफिया मदद से पाक सीमा से सटे इलाकों में तालिबान ने अपना बेस मजबूत किया। अमेरिका से लौटने की अपनी कोशिशों के तहत 2020 में अमेरिका ने तालिबान से शांति वार्ता शुरू की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129